

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 26 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष -42 ■ अंक-178 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 27 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये




रायपुर में महादेवघाट पुल के ऊपर दो फीट पानी

# छत्तीसगढ़ में उफान पर नदी-नाले स्कूलों में अवकाश, कई जिलों में अलर्ट

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बारिश थमने के बाद भी आफत कम नहीं हुई है। करीब 36 घंटे की लगातार बारिश ने रायपुर समेत कई जिलों में जलभराव की स्थिति पैदा कर दी है। रायपुर के महादेवघाट पुल से करीब 2 फीट ऊपर पानी बह रहा है। करीब 12 साल बाद पुल के इस तरह डूबने की स्थिति सामने आई है। कई नदी-नाले अब भी उफान पर हैं। राजधानी के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेस-2, भाटागांव, प्रोफेसर कॉलोनी और काठाडीह BSUP कॉलोनी में पानी भरने की खबर है। कई जगह सड़कें डूबने से वाहन फंस गए हैं और सुरक्षा के लिए बिजली सप्लाई भी काटी गई है। दुर्ग में जलभराव के बीच 55 लोगों का रेस्क्यू किया गया। बस्तर, जगदलपुर, गरियाबंद, कांकेर, बालोद और बिलासपुर के निचले इलाकों में भी पानी घरों तक पहुंचा है। बारिश और जलभराव के चलते प्रदेश के स्कूलों में आज छुट्टी घोषित की गई है। गंगरेल डैम से 14 गेट के जरिए पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं, कई रास्ते बंद होने के साथ 6 ट्रेनें और एक फ्लाइट भी कैंसिल की गई हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे में कुछ इलाकों में फिर भारी बारिश हो सकती है। गरज-चमक, आकाशीय बिजली और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं की भी संभावना है।

**धमतरी, बालोद और कोरबा जिले के बांधों के गेट खोले गए**-धमतरी जिले में लगातार हो रही वर्षा से जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जिले के गंगरेल बांध 98 प्रतिशत से अधिक भर जाने के बाद बांध के सभी गेट खोले गए हैं। रुद्री बैराज के माध्यम से करीब 50,000 क्यूसेक पानी महानदी में प्रवाहित किया जा रहा है। इसके अलावा मुरुमसिल्ली बांध 100 प्रतिशत भर चुका है, जबकि बालोद जिले का दुधावा और सोंढुर बांधों में जलभराव 90 प्रतिशत से अधिक पहुंच गया है। धमतरी जिला मुख्यालय के समीप बहने वाली हटकुल नदी में उफान आने से आसपास के अनेक गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ है। कोरबा जिले का बांगों डैम से भी पानी छोड़ा गया है। ओडिशा स्थित खाटीगुडा बांध के गेट खोले जाने के बाद वहां से करीब पांच लाख घन मीटर पानी छोड़ा गया है। इसके कारण इंद्रावती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है और तटीय इलाकों में प्रशासन की ओर से निगरानी बढ़ा दी गई है।

### जान जोखिम में डालकर सेल्फी ले रहे लोग

नदी का रौद्र रूप देखने पुल के दोनों छोर पर बड़ी संख्या में मौजूद अपनी जान जोखिम में सेल्फी खींचते, वीडियो बनाते नजर आ रहे हैं. शिवनाथ नदी की प्रमुख सहायक खारुन नदी बालोद जिला के गुरुर तहसील क्षेत्र से निकलने है. बीते तीन दिनों से प्रदेश के अन्य हिस्सों के साथ बालोद जिले में भी हो रही लगातार बारिश से खारून पूरी तरह से उफान पर है. गर्मी के दिनों में पलती धार बन जाने वाली इस नदी का बरसात में रौद्र रूप देखने के लिए न केवल रायपुर के महादेव घाट में बल्कि रायपुर-दुर्ग मार्ग पर खारून नदी के पुल के ऊपर बड़ी संख्या में लोग नजारा देखने के लिए पहुंच रहे हैं.





### कुण्ड में मूर्ति विसर्जन बंद

रायपुर के महादेवघाट के समीप नगर निगम रायपुर के विसर्जन कुण्ड स्थल पर खारून नदी के जल का स्तर लगातार बढ़ने के कारण नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन द्वारा वहाँ मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया को बंद किया जा रहा है. सभी नागरिकों से विनम्र अपील की गयी है कि वे महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड में मूर्ति विसर्जन करने आवें और प्रशासन को स्थिति सामान्य होते तक सहयोग देने का इसमें कष्ट करें. खारून नदी के जल का स्तर सामान्य होते ही प्रशासन द्वारा विसर्जन कुण्ड में महादेवघाट के समीप मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया पुनः प्रारम्भ कर दी जाएगी.

## ट्रांसफॉर्मर फटने से पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत

बेमेतरा,26 सितंबर। बेमेतरा जिले के दाढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम हेमाबंद खार में ट्रांसफार्मर फटने से गर्म तेल की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसे पिता-पुत्र एवं एक अन्य किसान की हादसे के छठवें दिन उपचार के दौरान मौत हो गई। तीनों घायलों को रायपुर के आंबेडकर अस्पताल में भर्ती किया गया था। घटना 20 सितंबर की सुबह करीब 9 बजे के बीच हुई थी। हादसे में हुई ग्रामीणों की मौत पर स्थानीय विधायक और मंत्री दयालदास बघेल ने शोक जताया है। मिली जानकारी के अनुसार, बिजली बंद होने के कारण ग्राम मोहतरा निवासी किसान राधेश्याम चंद्राकर (50), उनके पुत्र छन्नू चंद्राकर (32) और किसान ईश्वर पटेल ट्रांसफार्मर देखने के लिए पहुंचे थे। वे ट्रांसफार्मर में डीओ (ड्रॉप आउट फ्यूज) चढ़ाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान ट्रांसफार्मर फट गया। तेज धमाके के साथ निकला गर्म तेल किसानों के ऊपर गिर गया, जिससे तीनों गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें बेमेतरा जिला अस्पताल ले गए। यहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को रायपुर रेफर कर दिया गया। इस पर परिजन उन्हें रायपुर के निजी अस्पताल ले गए। दो दिनों तक चले इलाज के बाद भी आशाजनक सुधार नहीं होने पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने उन्हें आंबेडकर अस्पताल में शिफ्ट करा दिया था। यहां 25 सितंबर की सुबह राधेश्याम चंद्राकर और छन्नू चंद्राकर की मौत हो गई। वहीं किसान ईश्वर पटेल ने इसी दिन दोपहर में दम तोड़ दिया। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में अटल ज्योति योजना के तहत दी गई बिजली लंबे समय से बंद थी। इससे सिंचाई प्रभावित हो रही थी। ग्रामीणों ने विद्युत कंपनी के अधिकारियों को बिजली बंद होने की जानकारी देकर आपूर्ति बहाल करने की मांग की थी। इसके बाद भी बिजली चालू नहीं होने पर किसान परेशान थे। किसान रामकुमार पटेल ने बताया कि इसके चलते ही तीनों खुद बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास कर रहे थे, इसी दौरान हादसा हो गया। मृतक पिता-पुत्र बहुत गरीब परिवार के हैं। राधेश्याम के तीन पुत्र हैं, जिनमें से एक की मौत हो गई। मृतक छन्नू के भी दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। सीएसपीडीसीएल उप संभाग दाढ़ी में पदस्थ सहायक यंत्री चंद्रकांत साहू ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर कनिष्ठ यंत्री को भेजा गया था। विद्युत कंपनी ने उसी दिन घटना की सूचना दाढ़ी थाने में लिखित में दे दी थी। मुआवजे के लिए प्रकरण तैयार कर विद्युत कंपनी की उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि लाइन बंद होने की सूचना ऑफलाइन अथवा लिखित में नहीं दी गई थी। कॉल सेंटर में भी किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं है। ग्राम बटार में पदस्थ लाइन की देखरेख प्रेम साहू करते हैं। किसानों द्वारा बिजली बंद होने की शिकायत या सूचना विद्युत कंपनी उप संभाग दाढ़ी कार्यालय में दर्ज नहीं है।



### स्टॉपर से टकराई कार और फिर नदी में बहने लगी

## पेड़ के सहारे लटके थे 5 लोग, आधी रात टीआई ने बचाई जान

**खैरागढ़ः** छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ में शुक्रवार देर रात एक बड़ा हादसा टल गया। कान्हा-किसली घूमने जा रहे पांच दोस्तों की कार दनिया पुल पर तेज बहाव की चपेट में आकर नदी की मझधार में जा फंसी। जान बचाने के लिए कार सवार पांचों लोग एक पेड़ का सहारा लेकर लटके रहे। सूचना मिलते ही गंडई थाना प्रभारी शिवशंकर गेंदले पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तेज बहाव के बीच उतरकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक, 25 सितंबर की रात करीब 2:30 बजे रायपुर की ओर से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक CG 04 PV 5636 दनिया पुल पर पहुंची थी। पुल पर बाढ़ के खतरे को देखते हुए पुलिस ने स्टॉपर लगाए थे और जवानों की तैनाती भी की गई थी। पुलिस के अनुसार, कार चालक ने स्टॉपर को टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद जवानों ने कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन को आगे ले गया। इसी दौरान कार तेज बहाव की चपेट में आ गई और सड़क से बहकर नदी की मझधार तक पहुंच गई। कार के नदी में फंसने के बाद उसमें सवार पांचों लोग किसी तरह बाहर निकले और एक पेड़ का सहारा लेकर अपनी जान बचाते रहे। रात का अंधेरा, तेज बारिश और उफनता पानी रेस्क्यू टीम के लिए भी बड़ी चुनौती बना हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गंडई थाना प्रभारी शिवशंकर गेंदले खुद पानी में उतरे। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पांचों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद सभी को गंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। खैरागढ़ एसपी लक्ष्य शर्मा के मुताबिक, दनिया पुल पर कार के बह जाने के बाद थाना प्रभारी ने पानी में उतरकर पांचों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। कार में सवार सभी लोग रायपुर और भिलाई के रहने वाले बताए गए हैं और कान्हा-किसली घूमने जा रहे थे। हादसे के समय कार में कमलेश साहू, कुबेर साहू, निहाल सक्सेना, महक कौर और प्रीति रात्रे सवार थे। राहत की बात है कि रेस्क्यू के बाद सभी सुरक्षित हैं।



## भारी जलभराव से ट्रैक क्षतिग्रस्त,यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**रायपुर, 26 सितंबर.**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल के दुर्ग दल्लीराजहरा सेक्शन में लाटाबोर -गुंडरदेही स्टेशनों के बीच भारी वर्षा के कारण ट्रैक पर जलभराव एवं ट्रैक धंसने की स्थिति को देखते हुए यात्री सुरक्षा के मद्देनजर कुछ ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। मौके पर मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद सहित संरक्षा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों ने स्थिति पर पहुंचकर वास्तविकता की जानकारी ली। इंजीनियरिंग विभाग की तकनीकी टीम रेलवे ट्रैक को दुरुस्त करने में तत्परता से लगी हुई है।रेलवे प्रशासन द्वारा निम्नानुसार ट्रेनों को रद्द/शॉर्ट-ऑरिजिनेट करने का निर्णय लिया गया है।(1) ट्रेन संख्या 78816 अंतागढ़–रायपुर का परिचालन दल्लीराजहरा से रायपुर के मध्य रद्द रहेगा।(2) ट्रेन संख्या 78815 रायपुर - अंतागढ़ दिनांक 26 सितंबर 2026 को रद्द रहेगी।(3) ट्रेन संख्या 78818 अंतागढ़–दुर्ग दिनांक 26 सितंबर 2026 को दल्लीराजहारा से चलेगी तथा अंतागढ़ से दल्लीराजहारा के मध्य सेवा रद्द रहेगी।(4) ट्रेन संख्या 68765 ताड़ोकी - रायपुर दिनांक 26 सितंबर 2026 को रद्द रहेगी।(5) ट्रेन संख्या 68764 रायपुर–ताड़ोकी दिनांक 26 सितंबर 2026 को रद्द रहेगी।रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। संबंधित सेक्शन में ट्रैक की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यकतानुसार सुरक्षा मानकों के अनुरूप परिचालन संबंधी निर्णय लिए जा रहे हैं।



# तीन दिनों से लगी झड़ी थमी, लोगों ने ली राहत की सांस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 26 सितम्बर।** पिछले 3 दिनों से बारिश की झड़ी के बाद आज सुबह से बादल तो छाये रहे लेकिन वर्षा थमी रही। जिससे जनजीवन पटरी पर आने लगा है। भारी वर्षा से क्षेत्र में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया था लेकिन आज के बदले मौसम से लोगों ने राहत की सांस ली है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण छत्तीसगढ़ में रायपुर से लगभग 80 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व में बने गहन अवदाब के प्रभाव से 25 सितंबर को प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई तथा मध्य छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि 27 सितंबर से प्रदेश में बारिश की तीव्रता और क्षेत्रीय विस्तार में कमी आने की संभावना है। वर्तमान में एक अवदाब रायपुर से करीब 70 किलोमीटर पूर्व, बिलासपुर से 90 किलोमीटर दक्षिण, चांपा से 90 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम तथा पेण्ड्रा रोड से करीब 170 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में स्थित है। इसके अगले 12 घंटों के दौरान उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए अपनी तीव्रता बनाए रखने की संभावना है। इसके बाद अगले 12 घंटों में इसके कमजोर होकर स्पष्ट रूप से चिह्नित निम्न दबाव वाले क्षेत्र में परिवर्तित होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने के साथ गरज-चमक, वज्रपात तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है। अगले दो दिनों के बाद प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

## मूसलाधार बारिश के बाद जल निकासी के लिए सफाई अभियान तेज



**भिलाई, 26 सितम्बर।** दो दिनों की मूसलाधार बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। कुछ स्थानों पर पुलिया एवं नालियों में कचरा फंसने से पानी का बहाव प्रभावित हुआ। स्थिति को देखते हुए निगम ने तत्काल मैदानी अमले को सक्रिय कर जल निकासी की व्यवस्था शुरू कर दी। आयुक्त श्रीमती सुरुचि सिंह के निर्देशानुसार विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कर्मियों एवं संबंधित अमले ने जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिया, नालियों तथा पानी निकासी के मार्ग में फंसे कचरे को हटाया गया। जहां भी पानी का बहाव अवरुद्ध मिला, वहां तत्काल सफाई कर निकासी का रास्ता बनाया गया। निगम का मैदानी अमला बारिश के दौरान लगातार क्षेत्रों में निगरानी कर रहा है और जलभराव वाले स्थानों पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। निगम अधिकारियों के अनुसार नालियों एवं पुलियों में कचरा जमा होने से बारिश के पानी की निकासी प्रभावित होती है, जिससे सड़कों और आसपास के क्षेत्रों में पानी एकत्रित हो जाता है। ऐसे स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा हटाने के साथ पानी के सुचारू बहाव की व्यवस्था की जा रही है। निगम अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण कुछ स्थानों पर अस्थायी रूप से जलभराव की स्थिति बनी है।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 26 सितंबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना दुर्ग ग्रामीण के सेक्टर उतई के मंगल भवन में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष श्री ललित चंद्राकर रहे। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ गर्भवती माताओं की गोदभराई, बच्चों का अन्नप्राशन, स्वास्थ्य जांच, पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शन एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक कुमार पांडे ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को सरल तरीके से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और आंगनवाड़ी केंद्रों को स्वास्थ्य, पोषण एवं जनभागीदारी के माध्यम से सक्षम बनाना है। श्री ललित चंद्राकर ने कहा कि स्वस्थ मां ही स्वस्थ पीढ़ी की नींव है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों के योगदान की सराहना करते हुए बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में छह गर्भवती माताओं की गोदभराई एवं चार बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। सामुदायिक सहयोग से न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों को पौष्टिक भोजन वितरित किया गया। स्वस्थ शिशु, मेहंदी एवं फुगड़ी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों का सम्मान भी किया गया।इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर में एचबी, शुगर एवं बीपी की जांच की गई तथा सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोलने के लिए शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता

**भिलाई, 26 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 26 एवं 27 सितंबर को सिविक सेंटर में राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर्स वर्ग के 9-9 भार समूहों में लगभग 250 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी अपनी शक्ति और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश जैन बरमेचा एवं महासचिव कृष्णा साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग फेडरेशन एवं पावरलिफ्टिंग इंडिया के नियमों के अनुसार आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रमाणित निर्णायक एवं जूरी सदस्य भी भिलाई पहुंचेंगे।

### हेरोइन के साथ तीन युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 26 सितम्बर (तछसं.)।** हेरोइन के साथ तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केवट ने बताया कि ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जोन 3, जीरो स्ट्रीट, के मकान में अवैध रूप से हेरोइन बेचने की सूचना मिली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मकान से 70.460 ग्राम हेरोइन, नगदी रकम, सोने-चांदी के जेवरात, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक समेत 29 लाख 22 हजार 300 रुपए का सामान जब्त किया गया पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जामुल निवासी सैमसंग प्रसाद उर्फ सल्लू, जीरो स्ट्रीट, जोन 3, खुर्सीपार गुरमीत सिंह उर्फ लक्की, शिवाजी नगर आशीष कुमार शाह को पकड़ा गया है मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है आम नागरिकों से अपील है कि नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### डबरी तालाब में गंदगी का,जनप्रतिनिधियों पर चुप्पी साधने का आरोप



**अंवरी, 26 सितंबर।** बोरझरा के डबरी तालाब में एकबार फिर से गंदगी का आलम है।ढेस के पत्ते भारी मात्रा में पानी में ही सड़ रहे है।बदबू फैल रही है और पत्ते में कीड़े भी लग रहे है।अब ऐसे में चर्मरोग होने की दहशत ग्रामीणों में साफ दिख रहा है। ज्ञात हो कि ग्राम बोरझारा में एक डबरी तालाब स्थित है उस तालाब में स्थानीय मछुआ समिति के द्वारा मछली पालन किया जाता है।तालाब में ढेस का पत्ता बहुत ज्यादा उग गया था।जिसे सफाई के लिए काटा गया है।परन्तु पत्तों को तालाब के भीतर पानी में छोड़ देने से अब पत्ते सड़ने लगा है जिसके कारण पानी गंदा हो गया है और दुर्गंध आ रहा है। मोहल्ले वासियों ने जनप्रतिनिधियों पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है।ग्रामीणों का कहना है कि जनहित कार्यों के लिए निर्वाचित जनप्रतिनिधि मुखर नहीं है।गांव में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता भी ताक पर रखा जा रहा है।जिसका परिणाम भविष्य में दिखने लगेगा वहीं हमारे संवाददाता ने इन पूरे विषयों पर सरपंच का पक्ष जानने के लिए उन्हें कॉल किया।परन्तु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया जिसके कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।

### बारिश के बीच आयुक्त लीना कोसम ने संभाला मोर्चा शहर में जलनिकासी व्यवस्था का लिया जायजा

**दुर्ग,26 सितंबर।** शहर में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए नगर पालिक निगम दुर्ग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। बारिश के दौरान शहर की जलनिकासी व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा जलजमाव की स्थिति पर सतत निगरानी के लिए आयुक्त लीना कोसम ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं मैदानी अमले को स्पष्ट निर्देश दिए कि बारिश के दौरान आम नागरिकों तथा मूर्ति विसर्जन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।आयुक्त लीना कोसम ने स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहित निगम की टीम के साथ शिवनाथ नदी विसर्जन स्थल, पुलगांव चौक स्थित सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 9, 10 एवं 11 के शंकर नगर, वार्ड क्रमांक 15 करीडीह, वार्ड क्रमांक 54 पोटियाकला सहित शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों, नालियों एवं जलनिकासी व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।जिन क्षेत्रों में जलजमाव की शिकायतें सामने आ रही थीं, आयुक्त स्वयं मौके पर पहुंचीं और वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर खड़े होकर नालियों की तल तक सफाई करवाते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया ।

## खुले में घूम रहे मवेशियों से फसलों को नुकसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**उतई, 26 सितंबर।** खुले में घूम रहे मवेशियों से फसलों को हो रहे नुकसान से नाराज औसर, रानीतराई, असोगा, डीड़गा सहित आसपास के गांवों के किसानों ने बड़ी संख्या में मवेशियों को एकत्र कर पाटन एसडीएम एवं तहसील कार्यालय ले जाने का प्रयास किया। किसानों का कहना है कि आवारा मवेशी लगातार खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

पूर्व में शिकायत के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से किसानों में नाराजगी थी।किसानों के पाटन पहुंचने की सूचना पर एसडीएम उत्तम ध्रुव, तहसीलदार मनोज गुप्ता, नायब तहसीलदार सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी ग्राम तेलीगुंडरा के पास पहुंचे और किसानों से चर्चा की। किसानों ने मवेशियों की उचित व्यवस्था तथा भविष्य में समस्या रोकने के लिए ठोस कार्रवाई की मांग की। प्रशासन ने मवेशियों को गौशाला भेजने का आश्वासन दिया और वाहनों की व्यवस्था कर मवेशियों को गौशाला भेजना शुरू किया, जिसके बाद किसान शांत हुए।इस दौरान पाटन क्षेत्र के किसान एवं नगर पंचायत अध्यक्ष निक्की भाले भी मौके पर पहुंचे। बाहर से मवेशी लाकर पाटन क्षेत्र में छोड़े जाने की बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस की स्थिति बनी, जिसे प्रशासन एवं पुलिस ने हस्तक्षेप कर शांत कराया। मौके पर दोनों क्षेत्रों के बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### जगदलपुर के चार बालक छात्रावासों में शहरी स्वास्थ्य दल ने किया सघन स्वास्थ्य परीक्षण

**जगदलपुर, 26 सितंबर।** जगदलपुर शहर स्थित विभिन्न बालक छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य पोषण और मौसमी बीमारियों से बचाव के उद्देश्य से शहरी स्वास्थ्य दल द्वारा 24 सितंबर को एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत शहर के चार प्रमुख छात्रावासों में पहुंचकर कुल 328 छात्रों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच दल में चिकित्सा अधिकारी डॉण् विराट तिवारी सहित शैलेंद्र सिंह सचिन वैद्य और मीना केण्जीण् शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 26 सितम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा 25 सितंबर को महात्मा गांधी कला मंदिर में प्रधानमंत्री ट्रॉफी (सर्वोत्तम) छात्रवृत्ति वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री ए.के. चक्रवर्ती रहे। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति एवं मेरिट अवार्ड प्रदान कर उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं विद्यार्थियों की राष्ट्रगीत प्रस्तुति से हुआ। महाप्रबंधक (शिक्षा) श्रीमती शिखा दुबे ने बताया कि बीएसपी को 11 बार प्राप्त प्रधानमंत्री ट्रॉफी की पुरस्कार राशि से अर्जित ब्याज के माध्यम से योग्य मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। मुख्य अतिथि ए.के. चक्रवर्ती ने कहा कि ऐसे पुरस्कार उनकी उपलब्धियों को पहचान देने के साथ भविष्य के लिए आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महाप्रबंधक प्रभारी ए.बी. श्रीनिवास ने छात्रवृत्ति योजना को शैक्षणिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की महत्वपूर्ण पहल बताया। चयनित विद्यार्थियों को कुल 30 लाख 77 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। वहीं मेरिट अवार्ड के तहत 2 लाख 12 हजार रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई। मेरिट अवार्ड के लिए कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परिणाम तथा कक्षा 8वीं के लिए टीक्यूटी में प्राप्त अंकों के आधार पर चयन किया गया। इस श्रेणी में कुल 28 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिनमें 5 विद्यार्थी खदान समूह से हैं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सजिथा राजेश एवं श्रीमती महुवा चटर्जी, आभार प्रदर्श प्राचार्या श्रीमती सुमिता सरकार ने किया।




## ओएचपी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चला सफाई कार्य

**भिलाई, 26 सितम्बर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी विभाग में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहरवार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली तथा विभागीय परिसर में सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम में प्रशांत जैन, संतोष सिंह, नितिन काटेकर, अजीत कुजूर, जी. गौतमन, सलीम, ए.के. साहा, सूरज कुमार, सन्मुख राव एवं मूर्ति सहित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित के दिशा निर्देश में उप प्रबंधक गिरीश मढ़रिया एवं स्यामल सांकी द्वारा किया गया।

## सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा जामुल मंडल ने चलाया स्वच्छता अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल,26 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष श्री प्रशांत 'बंटी' गुप्ता के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम जामुल के रावण भाटा स्थित हनुमान मंदिर के पास आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा प्रभारी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, संयोजक ओम प्रकाश साहू, महामंत्री एवं सह-संयोजक युवा मोर्चा अध्यक्ष यशवंत राजपूत, ध्रुव देवांगन, जिला कार्यसमिति सदस्य जोगेश्वर सोनी, वरिष्ठ पार्षद श्रीमती कविता विसवाल, मंडल उपाध्यक्ष अरुण यादव, कार्यालय प्रभारी रामचंद्र साहू, पूर्व महामंत्री एवं झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला संयोजक श्रीमती नूतन वर्मा, पूर्व पार्षद एवं झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला सदस्य मेघनाथ साहू सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भिलाई में 29 सितंबर से शुरू होगा सेवा सेतु शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 सितम्बर।** नगर निगम द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। शिविरों में पंजीयन, पेंशन, महिला एवं बाल विकास, दिव्यांगजन सेवाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, पीएम स्वनिधि, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य जांच एवं उपचार, आधार अपडेशन, श्रमिक कार्ड पंजीयन, दिव्यांग उपकरण, पीएम सूर्य घर योजना, राजस्व विभाग दुर्ग सहित अन्य सेवाओं के लिए विशेष काउंटर लगाए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 सितंबर को वार्ड 20 लोकांगन वैशाली नगर में वार्ड 14, 15 एवं 19 से 23 तक, वार्ड 33 मंगल भवन बैकुंठ धाम में वार्ड 30 से 37 एवं 52 से 56 तक तथा वार्ड 42 श्रीराम वाटिका डोम शेड में वार्ड 38 से 43 एवं 51 तक के नागरिकों के लिए शिविर लगाया जाएगा।

30 सितंबर को वार्ड 56 गुड़िचा मंच सेक्टर-10 में वार्ड 57 से 70 तक तथा वार्ड 25 सूर्यकुंड डोम शेड में वार्ड 24 से 29 तक के नागरिक लाभ ले सकेंगे। 1 अक्टूबर को वार्ड 04 सियान सदन नेहरू नगर में वार्ड 01 से 08 तक तथा वार्ड 45 साईं मंदिर प्रांगण डोम शेड में वार्ड 44 से 50 तक के लिए शिविर आयोजित होगा। 2 अक्टूबर को वार्ड 17 मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में वार्ड 09 से 13 एवं 17 से 18 तक के नागरिकों के लिए शिविर लगाया जाएगा। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के निर्धारित शिविर स्थल पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाएं। शिविर का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने के साथ उनकी समस्याओं का निराकरण करना है। संपूर्ण सेवा सेतु शिविर के नोडल अधिकारी निगम अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे होंगे, जबकि संबंधित जोन आयुक्त सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### बाढ़ का पानी उतरते ही गांवों में बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रशासन सक्रिय

**जगदलपुर, 26 सितंबर ।** क्षेत्र में हालिया बारिश के थमने और विभिन्न इलाकों से बाढ़ तथा जलभराव का पानी उतरने के साथ ही बीमारियों के संभावित खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रीना लक्ष्मी को निर्देश दिए हैं कि वे स्थानीय मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों का सहयोग लेकर उन सभी गांवों में तत्काल विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित करें, जहां पर बाढ़ का पानी कम हो रहा है।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय को जयंती पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



भिलाई, 26 सितम्बर। भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम देवांगन ने की। प्रारंभ में जिला मंत्री मनोज तिवारी ने राष्ट्रगान कराया। शिरीष अग्रवाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र, समाज और संगठन के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास की भावना को समर्पित रहा। भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता, अनुशासन, आपसी समन्वय और निरंतर जनसंपर्क से होती है। संचालन कार्यालय मंत्री योगेन्द्र सिंह एवं प्रवक्ता विजय सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष चिन्ना केशवालु, सह प्रभारी मीडिया सूरज जायसवाल, श्रीमती पूनम शुक्ला, अशोक कुमार, प्रेमचंद देवांगन, रूपराम साहू, सोहन चंद्राकर, डॉ. दिलीप शर्मा, पारस जंघेल, मदन सेन, दीपक भौंडेकर, रूपलाल वर्मा, तिलक राज यादव, राजेश श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह, श्रीमती रश्मि सिंह, श्रीमती भारती साहू, श्रीमती चंद्रकांता मांडले, सूर्यकांत बघेल एवं सुभाष शर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, सुरक्षा एवं राहत व्यवस्था के निर्देश



**कांकेर, 26 सितंबर ।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नालों में बढ़े जलस्तर एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने आज कांकेर शहर एवं आसपास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं राहत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सर्वप्रथम कांकेर शहर के दूध नदी के किनारे शांति नगर वार्ड स्थित क्षेत्र का निरीक्षण किया। नदी के बढ़ते जलस्तर एवं आसपास की स्थिति का जायजा लेते हुए नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नदी किनारे आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग कराने, रेड फ्लैग लगाने तथा खतरे से संबंधित सूचना एवं चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। पुलिस, होमगार्ड, नगरपालिका एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा लगातार निगरानी बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने पार्षद से चर्चा कर क्षेत्र की स्थिति एवं स्थानीय समस्याओं की जानकारी भी ली।

कलेक्टर ने भंडारीपारा के महादेव वार्ड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नदी किनारे बसे लोगों से चर्चा कर बारिश एवं जलस्तर की स्थिति की जानकारी ली तथा लगातार हो रही बारिश को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने और अनावश्यक रूप से नदी-नालों के समीप नहीं जाने की समझाइश दी। उन्होंने नदी किनारे बसे वार्डवासियों को जलस्तर बढ़ने की स्थिति में तत्काल सुरक्षित स्थान पर जाने तथा आवश्यकता पड़ने पर घर खाली कर पंचायत भवन जैसे सुरक्षित स्थानों में पहुंचने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मनकेशरी के नदी किनारे के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया तथा लोगों को शीघ्र सुरक्षित स्थानों पर जाने की समझाईश दी। नदी किनारे अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण नहीं करने के संबंध में भी लोगों को समझाइश दी। उन्होंने संबंधित सरपंच एवं सचिव को नदी किनारे की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा जलभराव एवं बाढ़ को देखते हुए लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे एवं एसडीएम श्रीमती सरस्वती बंजारे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गुण्डाधूर सम्मान एवं प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान के लिए 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**कांकेर, 26 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रदान किए जाने वाले गुण्डाधूर सम्मान एवं महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान वर्ष 2026-27 के लिए इच्छुक एवं पात्र खिलाड़ियों से 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग कांकेर ने बताया कि निर्धारित प्रारूप में आवेदन संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की विभागीय वेबसाइट http//sportsyw.cg.gov.in पर ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

उन्होंने बताया कि गुण्डाधूर सम्मान एवं महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान शासन द्वारा निर्धारित नियमावली, प्रावधानों एवं पात्रता शर्तों के अनुसार चयन जूरी द्वारा किसी एक खिलाड़ी अथवा एक दल को प्रदान किया जाएगा। सम्मान के तहत 01 लाख रुपये नगद, अलंकरण फलक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। सम्मान की नियमावली, चयन मापदंड एवं अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### शिकायत दर्ज

**भिलाई, 26 सितम्बर।** भिलाई घर से 50,000 रुपए लेकर अपनी गिरवी रखी गाड़ी को छुड़ाने गए प्रार्थिया के पति जब वापस घर नहीं लौटे तब प्रार्थिया ने छावनी थाना में पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई है छावनी थाने पुलिस ने धारा 140 (3) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया रोशनी खान गौतम नगर सड़क नंबर 9 देना बैंक के पीछे की रहने वाली है 22 सितंबर को रोशनी खान का पति जावेद खान (35 साल ) सुबह 11 बजे अपने घर से 50000 लेकर अपनी गिरवी रखी गाड़ी को छुड़ाने के लिए चरोदा के रहने वाले मनोज के पास गया था।

## एक नजर

### शराब पीकर वाहन चलाने पर दो चालकों पर 30 हजार का जुर्माना

**बलौदाबाजार बलौदबाजार ,26 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। इस दौरान चेकिंग अभियान में थाना हथबंद पुलिस टीम द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 02 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन दोनों प्रकरणों में वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें दिनांक 24.09.2026 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 02 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक ?15,000-15,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 02 वाहन चालकों को कुल ?30,000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाते हुए, पकड़े गए इन सभी चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की भी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### शांति भंग करने पर सत्यप्रकाश धृतलहरे का 10 हजार का बंधपत्र जप्त

**बलौदबाजार ,26 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन, में क्षेत्र में शांति, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक व उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध लगातार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शांति भंग करने की नीयत से बाउंड ओवर (बंधपत्र) की शर्तों का उल्लंघन करने वाले अनावेदक के विरुद्ध कानूनी शिकंजा कसते हुए उसका बंधपत्र जप्त कराया गया है।



प्रकरण का संक्षिप्त विवरण एवं कार्यवाही:- थाना पलारी के इस्तगासा क्रमांक 170/2026 के आधार पर न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी पलारी द्वारा दिनांक 25.05.2026 को अनावेदक सत्यप्रकाश घृतलहरे से क्षेत्र में शांति बनाए रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता , 2023 की धारा 126 के अंतर्गत ?10,000/- (दस हजार रुपये) का बंधपत्र निष्पादित कराया गया था। ?इसके उपरांत भी अनावेदक द्वारा शांति व्यवस्था प्रभावित करते हुए बंधपत्र की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन किया गया, जिस पर थाना पलारी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। न्यायालय SDM पलारी द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस का अनावेदक द्वारा प्रस्तुत उत्तर असंतोषजनक पाए जाने पर, न्यायालय द्वारा BNSS की धारा 135(3) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 25.05.2026 को निष्पादित ?10,000/- का बंधपत्र जप्त (Bond Down) करने का आदेश जारी किया गया है। आदेशित दंडात्मक कार्यवाही अनावेदक सत्यप्रकाश घृतलहरे से ?10,000/- की बंधपत्र जप्ती राशि तत्काल जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है। ?राशि जमा न किए जाने की स्थिति में BNSS की धारा 491(2) के अनुसार उक्त राशि की वसूली भू-राजस्व की भांति की जाएगी।

### जिले में अब तक 1054.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदबाजार ,26 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 25सितम्बर 2026 तक 1054.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 1249 मिमी, बलौदाबाजार में 1178.2मिमी, पलारी में 1178.8 मिमी, लवन मे 1019.3 मिमी, सुहेला 999.1मिमी, सिमगा में 1012.04मिमी, कसडोल 995.2 मिमी, भाटापारा में 996.32 मिमी एवं सोनाखान 863.4 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 9491.4मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 1054.6 मिमी है।

# सेवा संकल्प अभियान लोगों के बीच पहुंचने का माध्यम: राजस्व मंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,26 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को नगर भवन बलौदाबाजार में दिव्यांगजनों हेतु चिन्हांकन प्रमाणीकरण एवं ऑन द स्पॉट कृत्रिम अंग,कैलिपर्स एवं स्प्लिंट वितरण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर मे राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए।उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। शिविर मे 29 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और कैलिपर्स निर्माण कर वितरित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन 17 सितम्बर से शुरू होकर 17 अक्टूबर तक पूरे एक महीने देश और प्रदेश मे सेवा संकल्प अभियान चल रहा है। इस अभियान के माध्यम से सरकार लोगों के बीच पहुंच रही और उनसे जुड़कर योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आधुनिक भारत के निर्माता है और भारत को विकसित बनाने की ओर अग्रसर हैं। हम सब प्रधानमंत्री जी के 2047 तक विकसित भारत,स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने के आह्वान और विजन को साकार करना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाने की दिशा मे काम कर रहे हैं।

इस दौरान मंत्री श्री वर्मा ने कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स प्राप्त करने वाले दिव्यांग से मुलाक़ात की और कुशलक्षेम पूछते हुए उनके अनुभव जाना। उन्होंने दिव्यांगो से कहा कि जितने दिव्यांगो का पंजीयन हुआ उन सभी को पात्रता और आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण वितरित की जाएगी। बताया गया कि 21 सितम्बर से 25 सितम्बर तक सभी 5 विकासखंडों मे दिव्यांगजन चिन्हांकन सह वितरण शिविर मे लगभग 775 दिव्यांगजनों का पंजीयन एवं 199 को सहायक उपकरण निःशुल्क मिला इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल,कलेक्टर कुलदीप शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन,जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी,जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, नगर पालिका उपाध्यक्ष जीतेन्द्र महले,जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे दिव्यांगजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# जैन धर्म के दसलक्षण महापर्व पर भक्ति और आस्था का संगम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 26 सितंबर।** जैन धर्म के आत्मशुद्धि, संयम, तप एवं मोक्षमार्ग की साधना के महान पर्व दसलक्षण महापर्व (पर्युषण) को तिल्दा-नेवरा जैन समाज द्वारा श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के वातावरण में मनाया गया। पूरे पर्व के दौरान मंदिर परिसर में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भगवान जिनेंद्र देव की आराधना की गई तथा समाजजनों ने आत्मकल्याण एवं विश्वशांति की मंगलकामना की।

**धर्म बड़ा संसार में, धर्म बिना सब शून्य:** दसलक्षण की साधना करें, जीवन हो पुण्यमय पूर्ण। पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रातः 7 बजे समाज के श्रद्धालु एकत्रित होते थे। प्रातः 7:30 बजे विधिवत अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन किया जाता था। इसके पश्चात भक्ति एवं श्रद्धा के साथ भजन-पूजन किया गया। दोपहर में आयोजित विधान में समाजजनों ने समस्त जीवों के कल्याण, जीव मात्र की रक्षा तथा विश्व में सुख-शांति की प्रार्थना की।

**दस धर्मों की आराधना का पर्व :** दसलक्षण महापर्व जैन धर्म में आत्मा के दस उत्तम धर्मों उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य एवं ब्रह्मचर्य–की आराधना



का पर्व है। इन दस धर्मों को अपने जीवन में आत्मसात कर मन, वचन और कर्म की शुद्धि करने तथा आत्मा को मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर करने का संदेश इस पर्व के माध्यम से दिया गया।

पर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने उपवास, तपस्या एवं संयम की साधना करते हुए अपनी आत्मिक शक्ति को जागृत किया। इस अवसर पर श्रीमती निशा (सुदेश) जैन एवं श्रीमती नेहा (सुरेंद्र) जैन ने 10 उपवास की साधना पूर्ण की, जबकि श्रीमती किरण (अशोक) नायक ने 16 कारण व्रत की साधना पूर्ण की। समाज के सभी वर्गों ने तपस्वियों की कठिन साधना एवं त्याग की हृदयपूर्वक अनुमोदना की।

**'क्षमा वीरों का आभूषण' का दिया संदेश :** पर्व के दौरान क्षमा, मैत्री और आत्मशुद्धि का विशेष संदेश दिया गया। समाजजनों ने कहा कि दसलक्षण महापर्व हमें अपने मन से वैर, द्वेष और कटुता को दूर कर सभी के प्रति प्रेम एवं सद्भाव रखने की प्रेरणा देता है। शिकवे सारे मिटाकर दिल को साफ कर लेते हैं, जो गलती कर बैठे उसे माफ कर लेते हैं।क्षमा ही वीरों का आभूषण है, हर बैरी को अपना बना लेते हैं।

**समाजजनों की रही सहभागिता:** कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष गौरव जैन, मनोज जैन, महामंत्री शैलेश जैन, कोषाध्यक्ष अमित जैन सहित नरेंद्र जैन, महेंद्र कुमार जैन, मंगल जैन, राकेश जैन, राजेश जैन, प्रफुल्ल जैन, सुदेश जैन, अनिल जैन, सुरेंद्र जैन, प्रवीण जैन, मनीष जैन, नीटी जैन, सौरभ जैन, नवीन जैन, विकी जैन, रानू जैन, पप्पू जैन, राहुल जैन, निलय जैन सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

महिला मंडल से कुसुम जैन, पुष्प जैन, मीना जैन, ममता जैन, अनीता जैन, सोनल जैन, किरण जैन, रानी सौरभ जैन, मोनिका जैन, नेहा जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने धार्मिक आयोजनों में सहभागिता की और तपस्वियों की साधना की अनुमोदना की।

**27 सितंबर को निकलेगा धार्मिक जुलूस:** समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि 27 सितंबर 2026, रविवार को दसलक्षण महापर्व के उपलक्ष्य में धार्मिक जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस में समाज के पुरुष सदस्यों से सफेद वस्त्र तथा महिला सदस्यों से अपने-अपने महिला मंडल की निर्धारित साड़ी पहनकर अनुशासित एवं धार्मिक गरिमा के साथ शामिल होने का आग्रह किया गया है।

दसलक्षण महापर्व के माध्यम से तिल्दा-नेवरा जैन समाज ने अहिंसा, संयम, तप, त्याग, क्षमा और आत्मशुद्धि का संदेश दिया। धार्मिक वातावरण में संपन्न हुए इस पर्व ने समाज में आध्यात्मिक चेतना, आपसी सद्भाव एवं मैत्री की भावना को और मजबूत किया।

## दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन गूंजा ब्रह्मचर्य का संदेश, मंदिर में हुआ अभिषेक-पूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 26 सितंबर।** दशलक्षण पर्व के दसवें और अंतिम दिन जैन समाज द्वारा उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना श्रद्धा एवं भक्ति के साथ की गई। जैन धर्म में ब्रह्मचर्य का अर्थ केवल इन्द्रिय संयम नहीं, बल्कि मन, वचन और शरीर को विषय-वासनाओं से दूर रखकर आत्मा की ओर लगाना है। इन्द्रियों पर नियंत्रण, मन-वचन-कर्म की पवित्रता तथा आत्मिक शुद्धि की ओर बढ़ना ही उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म का संदेश है।

सिमगा स्थित श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में समाज के पुरुषों ने विधि-विधान से अभिषेक एवं शांतिधारा की। दोपहर में अनंतनाथ भगवान का पूजन किया गया। जैन समाज के सचिव अभिषेक जैन ने बताया कि फूलमाल की बोली धीरज जैन के परिवार को तथा ज्ञानमाल की बोली डॉक्टर राजेश जैन के परिवार को प्राप्त



हुई। उन्होंने बताया कि रात्रि में जैन मंदिर परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। दशलक्षण पर्व के अंतिम धर्म के रूप में ब्रह्मचर्य मनुष्य को आसक्ति और विषय-विकारों से दूर रहकर आत्मिक शुद्धि की प्रेरणा देता है।

## श्री सनमती नगर दिगंबर जैन मंदिर में व्रतियों का सम्मान

**रायपुर 26 सितंबर।** महापर्व पर्युषण के अंतिम दिवस पर फाफाडीह,सन्मती नगर स्तिथ श्री खण्डेलवाल दिगंबर जैन मंदिर में संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्या सागर जी महामुनि राज के सु शिष्य 108 श्री आगम सागर जी मुनी महाराज ( ससंघ ) के आशीर्वाद से विनोद बड़जात्या-संजना बड़जात्या, विपुल जैन-सौम्या जैन ( जोड़े से ) अल्पना पाटनी, प्रांजल पाटोदी,दक्ष बाकलिवाल,लक्ष्मी देवी जैन, भावेश जैन के दस लक्षण व्रत एवं कु. जाह्नवी बड़जात्या के पंच मेरु व्रत आनन्द पूर्वक सम्पन्न होने पर पंचायत के द्वारा व्रतियों के द्वारा आत्मशुद्धी ,आत्म कल्याण हेतु उनका सम्मान किया गया. उपरोक्त जानकारी पंचायत के अध्यक्ष –अरविंद बड़जात्या एवं सचिव– सुरेश पाटनी ने संयुक्त रूप से दी।



## बलौदाबाजार में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 3 अक्टूबर से

**बलौदबाजार ,26 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन बलौदाबाजार में 3 अक्टूबर से 6 अक्टूबर 2026 तक होगा । स्पर्धा मे पांचो संभागों के 480 खिलाडी कुराश,रग्बी एवं नेटबाल मे दमखम दिखाएंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन मे स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रतियोगिता की बेहतर तैयारी की जा रही है। कुराश मे आयु वर्ग 14, 17, 19 बालक एवं बालिका, रग्बी आयु वर्ग 14 बालक एवं बालिका व नेटबॉल आयु वर्ग 19 बालक एवं बालिका की प्रतियोगिता संपन्न होगी। प्रतियोगिता में राज्य के पाँच संभागों से 240 बालक, 240 बालिका एवं 100 आफिशियल कुल 580 प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के लिए आवास स्थल रायपुर संभाग बालक के लिए सेजेस एमडीव्ही अग्रेजी विद्यालय बलौदाबाजार, बालिका के लिए लक्ष्मी प्रसाद कन्या उ.मा.विद्यालय बलौदाबाजार, बिलासपुर संभाग बालक के लिए आवास शाश्वत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार, बालिका के लिए संस्कार उ.मा.विद्यालय बलौदाबाजार, दुर्ग संभाग बालक के लिए ज्ञान गंगा उ.मा.वि.बलौदाबाजार, बालिका के लिए एक्स्ट्रा आडनरी स्कूल बलौदाबाजार, बस्तर संभाग बालक के लिए पं. चक्रपाणि शुक्ल सेजेस हिन्दी माध्यम बलौदाबाजार, बालिका के लिए गुरूकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार, सरगुजा संभाग बालक के लिए सेजेस एमडीव्ही अग्रेजी विद्यालय बलौदाबाजार, बालिका के लिए लक्ष्मी प्रसाद कन्या उ.मा.विद्यालय बलौदाबाजार में रखी गई है। खेल का आयोजन कुराश के लिए नगर भवन बलौदाबाजार, नेटबॉल के लिए जिला स्टेडियम( लॉन टेनिस मैदान) बलौदाबाजार, रग्बी के लिए पण्डित चक्रपाणि शुक्ल सेजेस हिन्दी माध्यम बलौदाबाजार में रखा गया है।

## जिले में आंगन मिलन सेवा की शुरुआत,राजस्व मंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका एवं मितानिनों को किया सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,26 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में 25 सितम्बर को 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम आगामी 7 अक्टूबर तक अलग अलग आंगनबड़ी केंद्रों मे आयोजित होगा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित अंगाबाड़ी केन्द्र मे आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी,कार्यकर्त्ता,सहायिका, मितानिन एवं माताओ को सम्मानित किया। इसके साथ ही बच्चों को कई तरह के खिलोने भी वितरित किया। इस दौरान महतारी वंदन योजना एवं पीएम आवास योजना के हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किया कि महतारी वंदन योजना से हर महीने मिलने वाली एक हजार रुपए से उनके जीवन मे क्या बदलाव आया। पीएम आवास से पक्का मकान बनने से बारिश मे पानी टपकने से मुक्ति मिली।

आंगनबाड़ी केंद्रों को रंगोली, आकर्षक सजावट एवं स्थानीय परिवेश से जुड़ी सामग्री से सजाया गया था। केंद्रों में स्वस्थ एवं पौष्टिक थाली के साथ-साथ स्थानीय व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं एवं महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। आंगन मिलन के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए गीत, कविता, गिनती, एबीसीडी, खेल एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की गईं। छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों से केंद्रों में उत्साह और उमंग बना रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल,कलेक्टर कुलदीप शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन,जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी,जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, नगर पालिका उपाध्यक्ष जीतेन्द्र महले,जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे अनंगाबाडी कार्यकर्ता,सहायिका,मितानिन, एवं माताएं उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क इलाज,गीतेश्वरी को मिला बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का भरोसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,26 सितंबर।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का मजबूत सहारा बन रही हैं। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है। ग्राम बगबुडवा की गीतेश्वरी वर्मा, पति सुखनाथ वर्मा, भी इसका लाभ लेकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त कर रही हैं। गीतेश्वरी वर्मा डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल पहुंची थीं। यहां उन्हें आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज की पूरी सुविधा निःशुल्क मिली।

अस्पताल में उपचार के साथ-साथ उनके रहने और भोजन की भी अच्छी व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें इस महत्वपूर्ण समय में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। गीतेश्वरी



वर्मा ने शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से आम लोगों को निःशुल्क और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है, यह बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय बिना आर्थिक चिंता के इलाज की सुविधा मिलना गरीब और सामान्य परिवारों के लिए बड़ी राहत है। आयुष्मान कार्ड जैसी स्वास्थ्य योजनाओं से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को उपचार के खर्च की चिंता से राहत मिल रही है और उन्हें समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।

## घर घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट करने वाले दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**बलौदबाजार ,26 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन, में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा गुंडागर्दी, असामाजिक तत्वों एवं गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध त्वरित व कड़ा रुख अपनाया जा रहा है। इसी क्रम में वृद्ध महिला के घर के सामने अनधिकृत रूप से अश्लील गाली-गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने वाले 02 आरोपियों को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। प्रार्थीया जानकी नवरंगे (उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम पहंदा) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 23.09.2026 के शाम लगभग 04:00 बजे वह अपने घर के सामने दरवाजे पर बैठी थी, तभी पड़ोस में रहने वाले आरोपी चन्द्रकांत नवरंगे और उसका दोस्त अमन सारथी दोनों नशे में धुत होकर उसके घर के सामने अश्लील गालियां देने लगे। प्रार्थीया द्वारा मना करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की और दरवाजे से धक्का दे दिया। बीच-बचाव करने आए प्रार्थीया के पति व पुत्र के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की।

# छात्रवृत्ति से लाभान्वित छात्राओं ने कलेक्टर और एसपी से की सौजन्य भेंट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाज़ार,26 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने राज्य शासन द्वारा प्रदेश में अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना प्रारम्भ किया गया है। इस योजना के तहत विगत वर्ष छात्रावृत्ति प्राप्त डी.के.कॉलेज बलौदाबाजार के छात्राओं ने शुक्रवार को कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं एसपी गौरव राय से मुलाक़ात की और छात्रावृत्ति शुरू करने पर राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने छात्राओं से छात्रावृत्ति के तहत मिली वित्तीय साहयता राशि का उपयोग,पढ़ाई एवं भविष्य की तैयारी के सम्बन्ध मे जानकारी ली। छात्रों ने बताया कि इस राशि से कॉलेज के फीस भरने के साथ ही कॉलेज आने -जाने मे बस के किराया का भी काम आया। इस राशि से बहुत मदद मिली है। कलेक्टर ने सभी छात्राओं से कहा कि इस छात्रावृत्ति योजना के समबंध मे अपने आस -पास के



लोगों को भी बताएं ताकि अधिक से अधिक छात्रों को लाभ मिल सके।

कलेक्टर श्री शर्मा ने यूपीएससी की तैयारी के सम्बन्ध मे बताया कि दृढ निश्चय लेकर लक्ष्य तय करें,इरादा मजबूत हो लेकिन किसी दबाव मे आगे न बढ़े। पढ़ाई बिलकुल मन लगाकर करें,ध्यान मे कोई भटकाव न हो।उन्होंने कहा कि असफलता से घबरायें नहीं क्योंकि यह मजबूती से आगे बढ़ने का साहस देता है। एसपी गौरव राय ने कहा कि आज डिजिटल युग का दौर है जिसमें सदुपयोग करने के फायदे है लेकिन यह ध्यान भटकाता है यह भी ध्यान रखना होगा। उन्होंने छात्राओं को भविष्य की अग्रिम बधाई और शुभकामनायें दीं। उल्लेखनीय है कि अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के तहत ज़रूरतमंद छात्राओं को कॉलेज की शिक्षा हासिल करने के लिए मदद के तौर पर वार्षिक 30,000 रुपयों की सहायता दी जाती है। यह स्कॉलरशिप छात्राओं के पहले ग्रैजुएशन के लिए डिग्री या डिप्लोमा पूरा होने तक उपलब्ध कराई जाती है जिसकी अधिकतम अवधि 5 वर्ष होगी। किसी भी सरकारी स्कूल से 10वीं और 12वीं कक्षा नियमित छात्रा के रूप में उत्तीर्ण की हो। छात्रा ने किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अवधि 2 से 5 वर्ष) के प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया हो। यह प्रवेश भारत में किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी या विश्वसनीय एवं प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय हो सकता है।

## केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में सांसद ने की पूजा-अर्चना, प्रदेश की सुख-समृद्धि की मांगी कामना

**रायपुर 26 सितंबर।** रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को संसद की प्राक्कलन समिति (एस्टिमेट्स कमेटी) के आधिकारिक अध्ययन प्रवास के तहत उत्तराखंड पहुंचे। समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल एवं अन्य साथी सांसदों के साथ उन्होंने द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख भगवान श्री केदारनाथ धाम और तत्पश्चात श्री बद्रीनाथ धाम पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा देश व छत्तीसगढ़ की जनता के सुख-समृद्धि एवं कल्याण की मंगलकामना की। इस अध्ययन प्रवास के दौरान केदारनाथ में समिति द्वारा 卐देश में धार्मिक स्थलों पर इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा संबंधी मुद्दों का आकलन卐 विषय पर एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति, केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय तथा उत्तराखंड शासन के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों व प्रतिनिधियों के साथ अहम बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। चर्चा में भाग लेते हुए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि देश के प्रमुख आस्था केंद्रों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में उनकी आस्था के सम्मान के साथ-साथ सुगम आवागमन, आधुनिक बुनियादी ढांचा, आपदा प्रबंधन और कड़े सुरक्षा इंतजाम समय की मांग हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के प्रमुख धामों का कायाकल्प हुआ है और यह बैठक तीर्थस्थलों की सुरक्षा व सुविधाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप और अधिक मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## छात्रों की खुदकुशी गंभीर समस्या है तो समाधान क्या है.....

कहीं कोटा में कोचिंग करने वाले छात्र आत्महत्या करते हैं तो कही आईटीआई जैसी शिक्षा के उच्चस्तरीय संस्थानों में भी छात्र आत्महत्या करते हैं। छात्र चाहे किसी भी स्तर का हो,वह आत्महत्या कर रहा है तो यह गंभीर समस्या तो है, परिवार के लिए भी,समाज के लिए भी.राज्य के लिए भी,सरकार के लिए भी और शिक्षा संस्थानों के लिए भी।यह सभी के लिए समस्या है तो इसका समाधान भी सभी को मिलकर करना चाहिए। इस समस्या का समाधान छात्रों की समस्या समझकर ही किया जा सकता है। कई बार क्या होता है कि समस्या तो छात्रों की रहती है,लेकिन कोई परिवार समस्या का कारण शिक्षक को मान लेता है, कुछ छात्र उसे संस्थान की समस्या मान लेते हैं।ऐसे में समस्या का समाधान होने की जगह समस्या और जटिल हो जाती है।परिवार इसे जातिगत भेदभाव का मामला बना देता है।संस्थान इसे जातिगत भेदभाव का मामला नहीं मानता है।छात्र मानते हैं कि संस्थान की व्यवस्था ठीक न होना समस्या की जड़ है। एक समस्या को सब अलग अलग नजरिए से देखते हैं तो मूल समस्या कहीं पीछे छूट जाती है और चर्चा दूसरे मामलों में ज्यादा होने लगती है।कोई छात्र के पक्ष में खड़ा हो जाता है,कोई शिक्षक के पक्ष में खड़ा हो जाता है कोई संस्थान की उत्कृष्टता की बात करता है। कोई पीड़ित परिवार के पक्ष में खड़ा हो जाता है।मुंबई आईटीआई में एक छात्र ने खुदकुशी कर ली है।भविक्र में कोई छात्र खुदकुशी न करे।यह समस्या है,इसका समाधान परिवार,छात्र,शिक्षक,संस्थान चारों को करना है।समस्या के समाधान के लिए खुदकुशी के कारणों को जानना जरूरी है।यह काम परिवार,छात्र,शिक्षक,संस्थान सभी को करना चाहिए।छात्र से सभी बात करते रहें, उसकी परेशानी व उसके तनाव को जानने का प्रयास करते रहें तो समय से पहले जाना जा सकता है कि छात्र संस्थान में असहज है,तनावग्रस्त है तो क्यों है। मोटे तौर पर एक कारण तो यह माना जाता है कि छात्र प्रतिस्पर्धा के कारण सबसे ज्यादा तनाव में रहता है। उच्च शिक्षा संस्थान में भेजते वक्त सबसे पहले परिवार की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चे को जिस उच्च शिक्षा संस्थान में पढ़ने भेज रहा है,वह भेजने से पहले जान ले कि उसका बच्चा उस उच्च शिक्षा संस्थान में जाकर दूसरे उच्च प्रतिभाशाली बच्चों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकता है या नहीं कर सकता। उन्हें जरा भी शक हो कि उनका बेटा प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता है तो वह बच्चे को ऐसे संस्थान में न भेजे। अगर माता पिता अपने बच्चे की क्षमता को जाने बिना बेटे को आईटीआई में भेजते हैं तो बच्चे की खुदकुशी के लिए सबसे पहले तो वही दोषी हैं।इसमें कोई शक नहीं है कि कुछ बच्चे अपने शहर के उच्चे प्रतिभाशाली हो सकते हैं,लेकिन आईटीआई में तो पूरे देश के कई शहरों के ऐसे बच्चे होते हैं। बच्चे को शहर के बच्चो की तुलना में में जब देश के कई शहरों के प्रतिभाशाली बच्चों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है तो हो सकता है कि वह उनसे प्रतिस्पर्धा करने में पिछड़ रहा हो।ऐसी स्थिति में बच्चे को तनाव होता है कि वह है तो प्रतिभाशाली लेकिन मुकाबला नहीं कर पा रहा है।ऐसे मे उसकी परेशानी को जानने का काम परिवार, शिक्षक, संस्थान का होता है।छात्रों को कोई परेशानी है तो उसे परिवार,छात्र,शिक्षक संस्थान को बताना चाहिए।इससे उसे मोटिवेट किया जा सकता है,रास्ता बताया जा सकता है यानी मरने से बचाया जा सकता है। समस्या छात्रों का आत्महत्या करना है तो समाधान यह है कि उनको कैसे बचाया जा सकता है। आंकड़ों के मुताबिक देशभर के 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में 2020-21 से 2024-25 के बीच 45 विद्यार्थियों ने खुदकुशी की है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इनमें से 28 छात्र एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों के थे। संस्थानवार रिकॉर्ड में सबसे ज्यादा सात आत्महत्याएं आईआईटी हैदराबाद में दर्ज की गईं।देशभर के 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में 2020-21 से 2024-25 के बीच कुल 45 छात्रों ने आत्महत्या की। इनमें से 28 मामले अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों से जुड़े छात्रों के थे। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।ये आंकड़े आठ दिसंबर, 2025 को लोकसभा में पूछे गए एक तारांकित प्रश्न के लिए सभी आईआईटी से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर संकलित किए गए हैं। इन 28 छात्रों की संख्या इस अवधि के दौरान आईआईटी में दर्ज कुल आत्महत्याओं के 62 प्रतिशत से अधिक थी। आत्महत्या करने वाले छात्रों में 12 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), नौ अनुसूचित जाति (एससी) और सात अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय से थे।वहीं, 16 छात्र सामान्य वर्ग और एक छात्र आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) से था। इन आंकड़ों का कोई भी विश्लेषण करेगा तो उसे समझ आ जाएगा कि छात्रों को वर्ग के आधार पर बांटकर बताया जा रहा है कि आरक्षित वर्ग के बच्चों ने ज्यादा आत्महत्या की है।किसने ज्यादा की और किसने कम की है,इससे समस्या का समाधान नहीं हो सकता।छात्रों को वर्ग में बांटकर देखने की जगह छात्र को छात्र के रूप में देखने की जरूरत है। देश में जाति वर्ग की राजनीति इतनी ज्यादा होती है कि छात्रों की समस्या को भी वर्ग की समस्या के रूप में देखा जाता है,इससे समस्या का समाधान तो नहीं होता है, माता-पिता प्रतिभाशाली संतान खोते हैं,संस्थान की बदनामी होती है,प्रतिभाशाली शिक्षकों को परेशानी होती है। शिक्षकों को ऐसा लगता है कि नियमों का पालन करने पर भी उनको सजा मिल सकती है।

## राशिफल

मेष राशिआज का दिन आपके लिए नई उम्मीदों और उत्साह से भरा रहेगा। सुबह से ही मन प्रसन्न रहेगा और कोई अच्छी खबर आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। करियर में मिलने वाला कोई शानदार अवसर भविष्य को लेकर आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा। परिवार का साथ और घर का माहौल सुकून देने वाला रहेगा। हालांकि काम की भागदौड़ के बीच अपनी सेहत को नजरअंदाज न करें और खानपान में सावधानी रखें।

वृषभ आज मेहनत और व्यस्तता दोनों अधिक रहेंगी, लेकिन आपकी यही मेहनत आगे चलकर अच्छे परिणाम देगी। कारोबार में नया आइडिया आज आपको आगे बढ़ने का रास्ता दिखा सकता है। किसी नए प्रोडक्ट या योजना पर काम शुरू करने के लिए भी समय अनुकूल रहेगा। आपकी समझदारी और बेहतर प्लानिंग लोगों का ध्यान खींचेगी।

मिथुन आज आर्थिक मामलों में राहत और मजबूती महसूस हो सकती है। कमाई के अतिरिक्त साधन मिलने की संभावना है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और बेहतर होगी। खर्चों को लेकर आप पहले से ज्यादा समझदारी दिखाएंगे और बचत पर भी ध्यान देंगे। हालांकि बातचीत करते समय शब्दों का चुनाव सोच-समझकर करें, क्योंकि आपकी कही कोई छोटी बात गलत समझी जा सकती है।

कर्क आज आपकी मेहनत रंग लाएगी और कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना हो सकती है। तारीफ मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप नई जिम्मेदारियों को भी उत्साह के साथ निभाएंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी और घर का माहौल भी खुशनुमा रहेगा। परिवार से जुड़ी कोई पुरानी परेशानी सुलझ सकती है।

सिंह आज किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से बचना जरूरी होगा। सोच-विचार के बिना उठाया गया कदम परेशानी बढ़ा सकता है। काम को टालने की आदत भी आज नुकसान पहुंचा सकती है, इसलिए अपनी जिम्मेदारियां समय पर पूरी करने की कोशिश करें। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ मिलकर काम करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे।

कन्या आज का दिन कुछ उलझनों के साथ शुरू हो सकता है, लेकिन आपकी समझदारी और धैर्य आपको हर स्थिति से बाहर निकाल लेंगे। नया काम शुरू करने का विचार मन में आएगा, मगर अगर किसी बात को लेकर संशय है तो फैसला लेने में जल्दबाजी न करें। परिवार आज आपकी प्राथमिकता रहेगा और घर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मन को खुश कर सकती है।

तुला आज आपकी सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी के संकेत हैं और आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ नए प्रयास कर सकते हैं। लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने से मन को बड़ी राहत मिलेगी। हालांकि बढ़ती सुविधाओं के साथ खर्च भी बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट का ध्यान रखना जरूरी होगा। किसी दूर रहने वाले रिश्तेदार से बातचीत या मुलाकात पुरानी यादों को ताजा कर सकती है।

वृश्चिक आज नई शुरुआत आपके लिए उत्साह और सफलता के नए रास्ते खोल सकती है। कुछ अलग करने की इच्छा मजबूत रहेगी और सही दिशा में किया गया प्रयास आपको अच्छा लाभ दे सकता है। वाहन या किसी बड़ी वस्तु की खरीदारी का विचार आगे बढ़ सकता है। माता जी के साथ धार्मिक यात्रा या किसी आध्यात्मिक स्थान की यात्रा मन को शांति देगी।

धनु आज अपनी सेहत को लेकर थोड़ी अतिरिक्त सावधानी बरतना आपके लिए अच्छा रहेगा। काम के बीच पर्याप्त आराम लें और खानपान को लेकर लापरवाही न करें। मौसम का असर शरीर पर महसूस हो सकता है। दूसरी ओर, किसी नई योजना या प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह बढ़ेगा और आप भविष्य की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार करेंगे।

मकर आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रह सकता है, लेकिन आपकी सूझबूझ हर स्थिति को संभालने में मदद करेगी। अतीत से जुड़ी कोई बात अचानक सामने आने पर थोड़ी असहजता हो सकती है, मगर परिवार का सहयोग आपको मजबूती देगा। करियर में नई जिम्मेदारी मिलने या नौकरी से जुड़ा कोई अवसर सामने आने की संभावना है।

कुंभ आज आपके जीवन में प्रगति की रफ्तार बढ़ती हुई महसूस हो सकती है। परिवार या संतान की ओर से मिलने वाली कोई अच्छी खबर आपका मन खुश कर देगी। घर के किसी मामले को बातचीत के जरिए सुलझाने से रिश्तों में और मजबूती आएगी। विद्यार्थियों के लिए भी राहत का समय रहेगा और मानसिक दबाव कम होने से पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना आसान होगा।

मीन आज आपके कामों को एक नई दिशा मिलेगी और आत्मविश्वास पहले से मजबूत होगा। रिश्तों में ताजगी महसूस होगी और आप पुरानी गलतियों को पीछे छोड़कर बेहतर शुरुआत करने की कोशिश करेंगे। जीवनसाथी की ओर से मिला कोई प्यारा सरप्राइज आपका दिन खास बना सकता है। हालांकि पुरानी स्वास्थ्य समस्या कभी-कभी परेशानी दे सकती है, इसलिए लापरवाही से बचें।

विशेष लेख

# पोषण पुनर्वास केंद्र से लौट रही बच्चों के चेहरे की मुस्कान

बचपन यानी खेलना, दौड़ना, हंसना, सीखना और सपने देखना। लेकिन जब कोई बच्चा कुपोषण की गिरफ्त में आता है तो कमजोरी उसके शरीर के साथ उसके सामान्य बचपन को भी प्रभावित करने लगती है। ऐसे बच्चों को समय पर उपचार और पोषण देकर स्वस्थ जीवन की ओर वापस लाने में पोषण पुनर्वास केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सेवा संकल्प अभियान के बीच सरगुजा जिले के शासकीय रघुनाथ जिला चिकित्सालय, अम्बिकापुर में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) से सामने आ रही बच्चों की कहानियां इसी बदलाव की तस्वीर पेश करती हैं। यहां कुपोषित बच्चों को चिकित्सकीय देखभाल और पोषण पुनर्वास के साथ माता-पिता को भी बच्चे के खान-पान और देखभाल से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी जा रही है। यहां किसी बच्चे का बढ़ता हुआ वजन महज तराजू पर बदलता आंकड़ा नहीं है। उसके पीछे बच्चे की बेहतर होती पोषण स्थिति, माता-पिता की उम्मीद और स्वास्थ्यकर्मियों की सतत देखभाल जुड़ी है। यह उस बचपन को वापस पाने की कोशिश है, जिसे कुपोषण ने कमजोर कर दिया था।

**कुपोषण केवल कम वजन की समस्या नहीं**-कुपोषण को केवल बच्चे के दुबले या कमजोर दिखाई देने तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। गंभीर कुपोषण बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता और वृद्धि-विकास को प्रभावित कर सकता है। लंबे समय तक पर्याप्त पोषण नहीं मिलने का असर बच्चे के शारीरिक विकास के साथ सीखने और सामान्य गतिविधियों में उसकी भागीदारी पर भी पड़ सकता है। यही कारण है कि कुपोषण की समय पर पहचान और उपचार महत्वपूर्ण है। बच्चे को उचित पोषण और चिकित्सकीय देखभाल देकर स्वस्थ वृद्धि की दिशा में आगे बढ़ाना उसके वर्तमान स्वास्थ्य के साथ भविष्य में निवेश भी है।

**जहां उपचार के साथ लौटता है बचपन**-पोषण पुनर्वास केंद्र गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के उपचार और पोषण पुनर्वास की महत्वपूर्ण व्यवस्था है।

यहां बच्चे की स्वास्थ्य एवं पोषण स्थिति की निगरानी, आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल और पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने के साथ माता-पिता को बच्चे की देखभाल तथा खान-पान से जुड़ी जानकारी भी दी जाती है। इस व्यवस्था का उद्देश्य केवल बच्चे का वजन बढ़ाना नहीं, बल्कि उसे स्वस्थ वृद्धि की दिशा में आगे बढ़ाना और परिवार को ऐसी जानकारी देना भी है जिससे घर लौटने के बाद बच्चे के पोषण का बेहतर ध्यान रखा जा सके।

**20 बिस्तरों का केंद्र, सैकड़ों बच्चों के लिए उम्मीद**-शासकीय रघुनाथ जिला चिकित्सालय, अम्बिकापुर में संचालित 20 बिस्तरों वाला पोषण पुनर्वास केंद्र कुपोषित बच्चों और उनके परिवारों के लिए उम्मीद का केंद्र बन रहा है।

वर्ष 2021-22 में यहां 189 बच्चों के उपचार के साथ दर्ज दर 73 प्रतिशत थी। अप्रैल से सितम्बर 2026 की अवधि में 248 बच्चों के उपचार के साथ यह दर बढ़कर 88 प्रतिशत दर्ज की गई है। इन आंकड़ों के पीछे उन परिवारों की अनेक कहानियां हैं जो अपने कमजोर बच्चे को लेकर चिंता के साथ केंद्र पहुंचे और उपचार एवं पोषण पुनर्वास के बाद बेहतर स्वास्थ्य की उम्मीद लेकर घर लौटे।

**शिवाशी, रश्मि, प्रतीक और युवराज के बढ़ते वजन में दिखी उम्मीद**-केंद्र में उपचार प्राप्त करने वाले बच्चों के रिकॉर्ड इस बदलाव को और स्पष्ट करते हैं। शिवाशी का वजन 7.6



किलोग्राम से बढ़कर 8.840 किलोग्राम, रश्मि का 9.3 किलोग्राम से 10.720 किलोग्राम, प्रतीक का 8.5 किलोग्राम से 9.370 किलोग्राम तथा युवराज का वजन 12 किलोग्राम से बढ़कर 13.980 किलोग्राम दर्ज किया गया। ये आंकड़े केवल वजन में आए बदलाव को नहीं बताते, बल्कि उपचार और पोषण पुनर्वास के बाद बेहतर वृद्धि की दिशा में बच्चों के बढ़ते कदमों की तस्वीर भी प्रस्तुत करते हैं। हर बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति अलग होती है और केवल वजन बढ़ने के आधार पर संपूर्ण स्वास्थ्य का निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। इसके बावजूद नियमित निगरानी में वजन और वृद्धि में सुधार बच्चे की पोषण स्थिति का आकलन करने के महत्वपूर्ण संकेतकों में शामिल हैं।

**बढ़ता वजन यानी लौटती उम्मीद**-कुपोषण से कमजोर बच्चा कई बार अपनी उम्र के दूसरे बच्चों की तरह सामान्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी नहीं कर पाता। बीमारी और कमजोरी परिवार की चिंता भी बढ़ाती है। ऐसे में उपचार और उचित पोषण के बाद जब बच्चे की स्थिति में सुधार दिखाई देता है, तो यह पूरे परिवार के लिए राहत लेकर आता है। माता-पिता के लिए बच्चे का स्वस्थ होना किसी आंकड़े से कहीं अधिक मायने रखता है। इसीलिए पोषण पुनर्वास केंद्र में किसी बच्चे का बढ़ता वजन केवल तराजू पर बढ़ती संख्या नहीं है। वह बच्चे की बेहतर होती पोषण स्थिति के साथ परिवार में लौटती उम्मीद की कहानी भी है।

**अस्पताल से घर तक जारी रहती है सुपोषण की यात्रा**-एनआरसी में उपचार पूरा होना महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन बच्चे को कुपोषण से दूर रखने की जिम्मेदारी इसके बाद भी जारी रहती है। घर लौटने के बाद उम्र के अनुसार पर्याप्त और विविध आहार, स्वच्छता, बीमारी के दौरान उचित देखभाल तथा बच्चे की वृद्धि की नियमित निगरानी महत्वपूर्ण होती है। इसलिए एनआरसी में माता-पिता को बच्चे के पोषण और देखभाल से संबंधित व्यवहार की जानकारी देना उपचार प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उद्देश्य यह है कि परिवार स्वयं भी बच्चे की पोषण स्थिति को बेहतर बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी करे।स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग सहित संबंधित अमले का समन्वय इस व्यवस्था को और मजबूत बनाता है। एक ओर स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार एवं पोषण पुनर्वास और दूसरी ओर समुदाय स्तर पर आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से निगरानी और मार्गदर्शन—दोनों मिलकर कुपोषण के विरुद्ध प्रभावी व्यवस्था तैयार करते हैं।

**स्वस्थ बच्चा यानी स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव**-बच्चे के जीवन के शुरुआती वर्ष उसके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। पर्याप्त पोषण मिलने पर बच्चा स्वस्थ वृद्धि की दिशा में आगे बढ़ता है, अधिक सक्रिय रह सकता है और सीखने तथा सामाजिक गतिविधियों में बेहतर भागीदारी कर सकता है। इसलिए किसी बच्चे को कुपोषण से बाहर निकालने का प्रयास केवल वर्तमान बीमारी या कमजोरी का उपचार नहीं है। यह उसके बेहतर बचपन और भविष्य को मजबूत करने की दिशा में किया गया निवेश भी है। स्वस्थ और सुपोषित बच्चे ही स्वस्थ समाज और मजबूत मानव संसाधन की नींव बनते हैं।

**कुपोषण से लड़ाई अस्पताल से घर की थाली तक**-कुपोषण से मुकाबला केवल अस्पताल के बिस्तर पर नहीं किया जा सकता। इसकी सफलता बच्चे की घर की थाली, माता-पिता की जागरूकता, आंगनबाड़ी की निगरानी, स्वास्थ्यकर्मियों की सलाह और समय पर उपचार की संयुक्त व्यवस्था पर निर्भर करती है। पोषण पुनर्वास केंद्र की वास्तविक सफलता भी इसी में है कि उपचार के बाद बच्चा बेहतर पोषण स्थिति के साथ घर लौटे और परिवार उन व्यवहारों को अपनाए जो उसे स्वस्थ बनाए रखने में मदद करें। अम्बिकापुर के एनआरसी में बच्चों के उपचार और पोषण पुनर्वास के साथ परिवारों को जागरूक करने का प्रयास इसी सोच को आगे बढ़ा रहा है।

**हर बच्चे को मिले स्वस्थ बचपन का अवसर**-कुपोषण किसी बच्चे की पहचान नहीं है। यह ऐसी स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी स्थिति है, जिसकी समय पर पहचान, उपचार और निरंतर देखभाल से बच्चे को स्वस्थ वृद्धि की राह पर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा सकता है। सेवा संकल्प अभियान के बीच अम्बिकापुर के पोषण पुनर्वास केंद्र की ये कहानियां बताती हैं कि सेवा का सबसे मानवीय रूप तब दिखाई देता है, जब कमजोर बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार आता है और परिवार के चेहरे पर चिंता की जगह उम्मीद लौटती है। 20 बिस्तरों वाला यह केंद्र इसलिए केवल एक स्वास्थ्य सुविधा नहीं है। यहां उपचार पाने वाला हर बच्चा कुपोषण से सुपोषण, कमजोरी से बेहतर स्वास्थ्य और मुश्किलों से खुशहाल बचपन की ओर बढ़ती एक नई कहानी है। और जब किसी बच्चे का वजन बढ़ता है, उसकी सक्रियता लौटती है और परिवार उसे फिर स्वस्थ होते देखता है, तब सेवा का वास्तविक अर्थ सामने आता है— बढ़ता वजन सिर्फ तराजू पर बढ़ती संख्या नहीं, बल्कि लौटती ताकत, मुस्कान और बचपन की कहानी है।

# अमेरिका की डगमगाती, अस्थिर आर्थिक और विदेश नीति

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार,**

ऐतिहासिक तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपतियों का कार्यकाल 1789 से शुरू होता है।अमेरिकी राष्ट्रपतियों के इतिहास में जॉर्ज वॉशिंगटन से लेकर अब तक अनेक ऐसे राष्ट्रपति हुए जिनके निर्णयों ने अमेरिका की अर्थव्यवस्था, विदेश नीति, युद्ध, लोकतंत्र और विश्व व्यवस्था की दिशा बदल दी। क्या डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी इतिहास का सबसे असंतुलित और असमंजसपूर्ण निर्णय लेने वाला राष्ट्रपति कहा जा सकता है? इसका सही सही कारण भावनात्मक राजनीतिक टिप्पणी से नहीं, बल्कि इतिहास के दस्तावेजों, आर्थिक परिणामों, विदेश नीति और राष्ट्रपति के निर्णयों की निरंतरता के आधार पर तलाशना होगा।

वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 45वें और 47वें राष्ट्रपति हैं। उनके दो कार्यकाल लगातार नहीं रहे, इसलिए राष्ट्रपति पद की संख्या 47 है, जबकि अलग-अलग व्यक्तियों की संख्या 45 रही है। इसकी वजह 22वें राष्ट्रपति ग्रोवर क्लीवलैंड हैं, जिन्होंने दो अलग अलग लगातार कार्यकाल पूरे किए और इसीलिए उन्हें 22वें तथा 24वें राष्ट्रपति के रूप में गिना जाता है। डोनाल्ड ट्रंप का व्यक्तित्व अमेरिकी राष्ट्रपति पद की पारंपरिक शैली से अलग रहा है। उनका राजनीतिक उदय भी पारंपरिक प्रशासनिक या सैन्य पृष्ठभूमि से नहीं, बल्कि व्यवसाय और सार्वजनिक संचार की आक्रामक शैली से हुआ। 2017 में उनके पहले कार्यकाल की शुरुआत से ही अमेरिका फर्स्ट उनकी विदेश और आर्थिक नीति का प्रमुख सूत्र बना। व्यापार, आव्रजन, नाटो, चीन, ईरान, रूस और यूरोप के साथ संबंधों में उन्होंने लंबे समय से चली आ रही अमेरिकी नीतियों को चुनौती दी। उनके समर्थक इसे स्थापित व्यवस्था के विरुद्ध निर्णायक नेतृत्व मानते रहे, जबकि आलोचक इसे नीति-अनिश्चितता और संस्थागत परंपराओं से टकराव के रूप में देखते रहे।

आर्थिक नीति के क्षेत्र में ट्रंप के पहले कार्यकाल का महत्वपूर्ण पक्ष 2017 का "टैक्स कट एन्ड जॉब्स एक्ट" था। उनके प्रशासन ने कॉरपोरेट टैक्स में बड़ी कटौती की और विनियमन कम करने को आर्थिक विकास का साधन बनाया। प्रशासन की अपनी आधिकारिक व्याख्या में इन नीतियों को रोजगार, निवेश और आर्थिक विस्तार से जोड़ा गया है। लेकिन अमेरिकी अर्थव्यवस्था को केवल राष्ट्रपति की नीतियों का परिणाम मानना भी ऐतिहासिक रूप से सही नहीं होगा। ब्याज दरें, फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति, वैश्विक व्यापार, तकनीकी परिवर्तन और महामारी जैसे कारक भी आर्थिक परिणामों को प्रभावित करते हैं।

ट्रंप की आर्थिक नीति का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू संरक्षणवाद रहा। चीन के साथ व्यापार युद्ध ने अमेरिकी आर्थिक नीति को दशकों की मुक्त व्यापार-प्रधान दिशा से हटाकर शुल्क आधारित रणनीति की ओर मोड़ा कौंसिल आन फॉरेन रीलेसन के अनुसार ट्रंप प्रशासन ने अपने पहले कार्यकाल में चीन के लगभग आधे आयात पर शुल्क लगाए और चीन ने अमेरिकी आयात के बड़े हिस्से पर जवाबी शुल्क लगाए। समर्थकों के अनुसार इसका उद्देश्य अमेरिकी उद्योग और रोजगार की रक्षा करना था।आलोचकों ने इसके कारण लागत बढ़ने, आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और व्यापारिक तनाव बढ़ने की ओर ध्यान दिलाया।

उनकी दूसरी पारी में यह नीति और अधिक व्यापक हुई। 2025 और 2026 में चीन के साथ शुल्क युद्ध कई चरणों से गुजरा। 2025 में अमेरिकी और चीनी शुल्कों में तीव्र वृद्धि के बाद बातचीत और अस्थायी समझौतों के दौर आए। सितंबर 2026 तक दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में तनाव और अस्थायी समझौते साथ-साथ चल रहे हैं। इससे ट्रंप की नीति की एक महत्वपूर्ण विशेषता दिखाई देती है टकराव और समझौता दोनों उनके वार्ताकार उपकरणों का हिस्सा हैं।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करते समय भी सावधानी आवश्यक है। जुलाई 2026 की रिपोर्ट के अनुसार 2026 की पहली तिमाही में वास्तविक GDP 2.1 प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ी, बेरोजगारी जून में 4.2 प्रतिशत रही और मुद्रास्फीति फेड के 2 प्रतिशत लक्ष्य से ऊपर थी। फेड ने यह भी कहा कि ऊर्जा कीमतों और व्यापार शुल्कों सहित आपूर्ति संबंधी झटकों ने कीमतों पर दबाव डाला। इसलिए वर्तमान आर्थिक आंकड़ों से न तो ट्रंप की आर्थिक नीति को पूरी तरह सफल कहा जा सकता है और न पूरी तरह असफल।

अमेरिकी राष्ट्रपति इतिहास में आर्थिक दृष्टि से विभिन्न कालखंडों की परिस्थितियां अलग रही हैं। फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने महामंदी के दौरान न्यू डील के माध्यम से अमेरिकी राज्य की आर्थिक भूमिका को व्यापक रूप से बदला। रोनाल्ड रीगन ने 1980 के दशक में कर कटौती, विनियमन और सैन्य शक्ति के विस्तार की नीति अपनाई। बिल क्लिंटन के कार्यकाल में 1990 के दशक का तकनीकी और आर्थिक विस्तार आया। बराक ओबामा ने 2008 की वित्तीय मंदी के बाद अर्थव्यवस्था को पुनर्प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ाया। इनमें से प्रत्येक राष्ट्रपति की आर्थिक विरासत को समझने के लिए उस समय की वैश्विक परिस्थितियों को भी देखना पड़ता है।

विदेश नीति के क्षेत्र में अमेरिकी इतिहास और भी जटिल है। हैरी ट्रूमैन ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद उभरती शीतयुद्ध व्यवस्था में नाटो और अमेरिकी वैश्विक भूमिका की बुनियादी दिशा तय की। हेनरी ट्रूमैन की विदेश नीति ने बीसवीं सदी के उत्तरार्ध की अमेरिकी विदेश नीति के कई मूलभूत सिद्धांतों और प्रतिबद्धताओं की नींव रखी।

ड्वाइट आइजनहावर का उदाहरण भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कोरियाई युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रयास किए और ऐसी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति विकसित की जिसमें सैन्य शक्ति के साथ आर्थिक क्षमता और गठबंधनों को महत्व दिया गया मिलर सेंटर के इतिहासकारों के अनुसार आइजनहावर की प्रतिष्ठा समय के साथ काफी बदली और बाद के ऐतिहासिक अध्ययनों में उनका मूल्यांकन पहले की तुलना में अधिक सकारात्मक हुआ।

रिचर्ड निक्सन का उदाहरण है कि कोई राष्ट्रपति एक साथ सफल और विवादास्पद दोनों हो सकता है। चीन के साथ संबंधों की शुरुआत और सोवियत संघ के साथ हथियार नियंत्रण समझौते उनकी महत्वपूर्ण विदेश नीति उपलब्धियां थीं, जबकि वॉटर गेट कांड ने उनकी राष्ट्रपति विरासत को गंभीर रूप से प्रभावित किया। रोनाल्ड रीगन की विदेश नीति को भी इसी द्वंद्व के साथ देखना चाहिए। उनके कार्यकाल में अमेरिकी सैन्य शक्ति बढ़ी और सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाचेव के साथ संवाद ने शीतयुद्ध के शांतिपूर्ण अंत की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन उनके कार्यकाल में ईरान विवाद जैसे गंभीर मसले भी सामने आए।

इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में ट्रंप को देखें तो उनकी विदेश नीति में भी कुछ उपलब्धियां और गंभीर विवाद दोनों दिखाई देते हैं। पहले कार्यकाल में इजराइल-अरब संबंधों में अब्राहम अकॉर्ड एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल थी। उत्तर कोरिया के साथ सीधे शिखर संवाद, चीन के साथ व्यापार वार्ता और मध्य-पूर्व में अमेरिकी नीति में परिवर्तन भी उनके कार्यकाल की प्रमुख घटनाएं थीं। दूसरी ओर, ईरान परमाणु समझौते से अमेरिका की वापसी, सहयोगी देशों के साथ तनाव और चीन के साथ व्यापार युद्ध ने अमेरिकी विदेश नीति में अनिश्चितता की धारणा को बढ़ाया।

यहीं से "असमंजस" की बहस जन्म लेती है। एक ओर ट्रंप का तरीका स्पष्ट रूप से दबाव बनाने, धमकी देने और फिर बातचीत की मेज पर लौटने वाला दिखाई देता है। दूसरी ओर उनके समर्थक इसे जानबूझकर अपनाई गई "अधिकतम दबाव" रणनीति मानते हैं। इसलिए इसे सीधे मानसिक या व्यक्तिगत असंतुलन कहना ऐतिहासिक तथ्य नहीं, बल्कि राजनीतिक मूल्यांकन होगा। अधिक सटीक शब्द "अत्यधिक परिवर्तनशील", "टकरावपूर्ण" या "परंपरागत अमेरिकी नीति से अलग" हो सकते हैं।

2024 में 154 विशेषज्ञों के आकलन में अब्राहम लिंकन प्रथम, फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट द्वितीय और जॉर्ज वॉशिंगटन तृतीय रहे, जबकि डोनाल्ड ट्रंप सबसे निचले स्थान पर थे और उन्हें सबसे अधिक ध्रुवीकरण वाला राष्ट्रपति भी माना गया। यह सर्वेक्षण महत्वपूर्ण है, लेकिन इसे अंतिम ऐतिहासिक फैसला नहीं कहा जा सकता। राष्ट्रपति की वास्तविक ऐतिहासिक विरासत अक्सर उनके कार्यकाल समाप्त होने के कई वर्षों बाद अधिक स्पष्ट होती है।

अतः अमेरिकी इतिहास में "सबसे सफल आर्थिक राष्ट्रपति" या "सबसे सफल विदेश नीति वाला राष्ट्रपति" घोषित करना भी सरल नहीं है।रुसवेल्ट को महामंदी और न्यू डील के संदर्भ में, ट्रूमैन को द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की विश्व व्यवस्था में, आईसनहावेर को शीतयुद्ध और आर्थिक स्थिरता में, रीगन को शीतयुद्ध के अंतिम चरण में और क्लिंटन को 1990 के दशक के आर्थिक विस्तार में अलग-अलग कसौटियों पर देखा जाता है। इसी प्रकार लिंकोंन का मूल्यांकन गृहयुद्ध और संघ की रक्षा के संदर्भ में होता है। ट्रंप का ऐतिहासिक मूल्यांकन अभी अधूरा है, क्योंकि उनका दूसरा कार्यकाल सितंबर 2026 तक जारी है।

वर्तमान आंकड़े बताते हैं कि उनकी आर्थिक नीति में तेज शुल्क वृद्धि, व्यापारिक टकराव और नीति-परिवर्तन महत्वपूर्ण तत्व हैं; वहीं विदेश नीति में चीन, ईरान, रूस-यूक्रेन, NATO और मध्य-पूर्व के प्रश्न उनकी विरासत को निर्धारित करेंगे। उनके समर्थक इन्हें अमेरिकी शक्ति के अधिक आक्रामक प्रयोग के रूप में देखते हैं, जबकि आलोचक इन्हीं घटनाओं को अस्थिरता और अनिश्चितता के संकेत के रूप में देखते हैं।इतिहास का न्याय तत्काल नहीं होता। जॉर्ज वॉशिंगटन से लेकर ट्रंप तक 47 राष्ट्रपति पदों की यात्रा यह बताती है कि किसी राष्ट्रपति की सफलता केवल भाषणों, लोकप्रियता या तत्काल आर्थिक आंकड़ों से निर्धारित नहीं होती। युद्धों का परिणाम, आर्थिक नीतियों का दीर्घकालीन प्रभाव, लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती, सहयोगी देशों के साथ संबंध और विश्व व्यवस्था पर प्रभाव—इन सभी को कई दशकों की दूरी से देखना पड़ता है। अब यह कहना अधिक ऐतिहासिक रूप से टिकाऊ होगा कि ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति इतिहास के सबसे अधिक ध्रुवीकरण पैदा करने वाले और पारंपरिक नीतिगत ढांचे को सबसे अधिक चुनौती देने वाले राष्ट्रपतियों में से एक हैं। उनकी अंतिम ऐतिहासिक विरासत का निर्णय आने वाला समय करेगा।

## एक नजर

### मैलावाड़ा रीपा में खुलेगा अमचूर उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन उद्यम, 24 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा,26 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संवाददाता जुगल किशोर डण्डौतिया की रिपोर्ट। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के अंतर्गत कुआकोंडा विकासखंड के ग्राम मैलावाड़ा स्थित महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) में अमचूर उत्पादन सह मूल्य संवर्धन उद्यम की स्थापना की जा रही है।जिला प्रशासन द्वारा इस उद्यम के संचालन हेतु तकनीकी सहायता एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए इच्छुक संस्था, फर्म और कंपनियों से मोहरबंद प्रपत्र में रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। आवेदन 25 सितंबर 2026 से 24 अक्टूबर 2026 की शाम 5 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे।अधिकारियों के अनुसार, इस पहल से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध आम एवं अन्य कृषि-वन उत्पादों का मूल्य संवर्धन होगा, जिससे ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को रोजगार के साथ आय का नया साधन मिलेगा। यह उद्यम बिहान समूहों को बाजार से जोड़ने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम होगा। नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला पंचायत दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के सूचना पटल तथा जिले की वेबसाइट httpÑ//dantewada.nic.in पर उपलब्ध है।

### बाजारपारा की 20 साल पुरानी सड़क के नवनिर्माण को मिली मंजूरी

**गीदम 26 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गीदम नगर के बाजारपारा में रामदेव मोबाइल से पुलिया तक करीब 20 वर्षों से



जर्जर पड़ी सड़क के नवनिर्माण को मंजूरी मिल गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कार्यभार संभालने के बाद से इस सड़क के निर्माण को प्राथमिकता में रखा था। अब सड़क को मंजूरी मिलने के बाद क्षेत्र के लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। बाजारपारा की यह सड़क लंबे समय से खराब स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह खराबी के कारण स्थानीय लोगों को आने-जाने में परेशानी होती रही है। सड़क निर्माण की मांग को लेकर वार्डवासियों की ओर से भी लगातार प्रयास किए जा रहे थे। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने सड़क के निर्माण को लेकर संबंधित स्तर पर पहल की। वहीं वार्ड क्रमांक 09 और 10 के पार्षद सूरज सिंह ठाकुर व हीना रिज़वी ने भी अपने-अपने वार्ड के लोगों की मांग को नगर पंचायत के सामने रखा। लंबे समय से लंबित इस सड़क को अब निर्माण के लिए मंजूरी मिल गई है। अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि नगर के किसी भी वार्ड में जिस विकास कार्य की सबसे ज्यादा जरूरत है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। बाजारपारा की सड़क भी लंबे समय से लोगों की जरूरत बनी हुई थी, इसलिए इसके निर्माण को प्राथमिकता में रखा गया। उन्होंने कहा कि सड़क को मंजूरी मिलना काम का अंतिम चरण नहीं है। अब प्रयास रहेगा कि निर्माण कार्य अच्छी गुणवत्ता और मजबूती के साथ पूरा हो, ताकि लोगों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। करीब दो दशक से इस सड़क के निर्माण का इंतजार कर रहे बाजारपारा के लोगों के लिए मंजूरी मिलना राहत की खबर है। अब लोगों को सड़क निर्माण का काम शुरू होने का इंतजार है।

### भूस्खलनः किरंदुल-विशाखापट्टनम रेल मार्ग पर चलने वाली दोनों प्रमुख ट्रेनें रद्द

**जगदलपुर, 26 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफ़ान अर्नब से बस्तर एवं ओडिशा में हो रही भारी बारिश के कारण किरंदुल-कोतावालसा रेल लाइन जयपुर के आगे कोरापुट की तरफ4 से 5 जगहों पर लैंडस्लाइड और रेल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। कोरापुट-रायगड़ा लाइन में लैंडस्लाइड और सुरंग में रेलपथ पर पानी भरने की घटना हुई । बीती रात से केके रेल लाइन में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। भूस्खलन के चलते 25 सितंबर को किरंदुल-विशाखापट्टनम रेल मार्ग पर चलने वाली दोनों प्रमुख ट्रेनें 58502/58501 किरंदुल-विशाखापट्टनम पैसेंजर एवं 18516/18515 किरंदुल-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस रद्द कर दी गई हैं। विदित हो कि इससे पहले अक्टूबर 2014 में हुदहुद तूफान के असर से ओडिशा में हुई भारी बारिश से बस्तर को आंध्र प्रदेश से जोड़ने वाली इस रेल लाइन में जयपुर-कोरापुट रेल खंड में 29 जगहों पर लैंडस्लाइड और पटरी बहने की घटनाएं हुई थीं। उसके बाद यह दूसरा बड़ा नुकसान देखा जा रहा है।

# भारी बारिश के चलते इंद्रावती नदी का जलस्तर बढ़ने की आशंका, प्रशासन अलर्ट

■ **नदी किनारे एवं निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्कता बरतने की अपील**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 26 सितंबर।** संवाददाता जुगल किशोर डण्डौतिया की रिपोर्ट। जिले में लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए इंद्रावती नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी तथा बैकवाटर का प्रभाव बढ़ने की संभावना को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

दंतेवाड़ा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले को नदी एवं आसपास के क्षेत्रों की स्थिति पर सतत नजर रखने तथा किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नदी, नालों, पुल-पुलियों तथा जलभराव वाले क्षेत्रों के समीप जाने से बचें। नदी किनारे रहने वाले लोग जलस्तर में होने वाले बदलाव पर नजर रखें। बच्चों को नदी एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रखें तथा प्रशासन द्वारा जारी चेतावनियों का पालन करें।





आपात स्थिति में एसडीएम दंतेवाड़ा मनीष बघेल मो. 9588866187, तहसीलदार परमानंद बंजारे मो. 9399300463 तथा जिला कंट्रोल रूम 07856-252412 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रशासन ने अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।

# अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय को भाजपा ने किया नमन





■ **बीजापुर और भैरमगढ़ में आयोजित हुए कार्यक्रम, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा सहित पदाधिकारियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 26 सितंबर।** अंत्योदय और एकात्म मानववाद के विचारों के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मजयंती के अवसर पर बीजापुर और भैरमगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। बीजापुर के अटल सदन स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन, विचारों और राष्ट्रसेवा में योगदान को स्मरण किया गया। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति के महान विचारक और संगठनकर्ता थे। उनके 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' के विचार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास, सुविधा और सम्मान पहुंचाने पर केंद्रित थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी कार्यकर्ताओं को समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

**भैरमगढ़ में भी मनाई गई जयंती:** भैरमगढ़ स्थित पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के निवास पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। यहां उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों और राष्ट्रसेवा में योगदान को याद किया गया। महेश गागड़ा ने कार्यकर्ताओं को एकात्म मानववाद और अंत्योदय की अवधारणा से अवगत कराते हुए इन विचारों को जनसेवा के माध्यम से आगे बढ़ाने की बात कही।

कार्यक्रमों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपाल सिंह पावर, जिला महामंत्री संजय लुक्कड़, फूलचंद गागड़ा, सांसद प्रतिनिधि जिलाराम राणा, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी, भाजपा मीडिया प्रभारी प्रताप यादव, नंद किशोर राणा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिहर साहनी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उर्मिला तोकल, जागर लक्ष्मैया, मंडल अध्यक्ष तीरथ जुमार, एरन्ना अन्मुल, सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### प्रदेशभर में 1 अक्टूबर से रासुका लागू करने का आदेश भाजपा का तुगलकी फरमान : सूरज कश्यप

**जगदलपुर, 26 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग द्वारा 01अक्टूबर से 31 दिसंबर तक प्रदेश के सभी 33 जिलों के कलेक्टरों को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत विशेष प्रशासनिक अधिकार सौंपे जाने के फैसले का कड़ा विरोध करते हुए कांग्रेस के जनपद सदस्य सूरज कश्यप ने इस आदेश को आम नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों पर कुठाराघात बताते हुए इसे भाजपा सरकार का तानाशाही और तुगलकी फरमान करार दिया है। सूरज कश्यप ने सरकार के इस तुगलकी फरमान पर कई सवाल खड़े करते हुए कहा कि जब बस्तर का ऐतिहासिक दशहरा और दीपावली सामने है, तो जनता को रासुका का खौफ क्यों? क्या सामान्य पुलिसिंग और दंड प्रक्रिया पूरी तरह विफल हो चुकी है? क्या लोकतांत्रिक तरीके से हक मांगने वाले ग्रामीणों व युवाओं की आवाज दबाई जाएगी? बस्तर दशहरा के बीच भय का माहौल क्यों? सूरज कश्यप ने आरोप लगाया कि कलेक्टरों को असीमित शक्तियां देकर सरकार अपनी नीतियों के खिलाफहोने वाले जायज विरोध प्रदर्शनों को कुचलना चाहती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शांति और सुरक्षा के नाम पर किसी भी निर्दोष नागरिक या युवा को प्रताड़ित किया गया, तो वे सड़क से लेकर सदन तक लोकतांत्रिक आंदोलन करेंगे। उन्होंने शासन से इस आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

### लगातार तेज बारिश के दौरान वार्ड 25 के रामनगर बस्ती में पानी घुसा

**रायपुर 26 सितंबर।** राजधानी शहर रायपुर में लगातार तेज बारिश के दौरान रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 7 के अंतर्गत संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 के अंतर्गत महंत तालाब के पास रामनगर बस्ती में पानी घुस गया. नगर निगम जोन 7 द्वारा वहाँ बस्ती में घुसे पानी को तत्काल मोटर पम्प लगाकर बाहर निकालकर पानी की निकासी की व्यवस्था की. नगर निगम एमआईसी सदस्य एवं वार्ड 25 पार्षद श्री भोलाराम साहू और नगर निगम जोन 7 जोन कमिश्नर डॉ तृप्ति पाणीग्रही ने वार्ड 25 में रामनगर बस्ती में जलभराव की समस्या का वहाँ पहुंचकर प्रत्यक्ष निरीक्षण किया. रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 7 के माध्यम से बस्ती में जलभराव से प्रभावित लगभग 200 लोगों को लंच पैकेट्स देने की त्वरित कार्रवाई की जा रही है.



# झमाझम बारिश में भी नहीं थमा आस्था का सैलाब, गाजे-बाजे के साथ गणेश विसर्जन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 26 सितंबर।** संवाददाता जुगल किशोर डण्डौतिया की रिपोर्ट। झमाझम बारिश के बावजूद गणपति भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। गुरुवार को शहर में धूमधाम से भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश में भी श्रद्धालु छाता और रेनकोट लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए। ट्रक में सजी-धजी गणेश प्रतिमा को केले के पत्तों और रंग-बिरंगे झंडों से सजाकर विसर्जन स्थल तक ले जाया गया। महिलाएं पारंपरिक लाल साड़ियों में, बच्चे और बुजुर्ग ÷गणपति बप्पा मोरया÷ के जयकारों के साथ नाचते-गाते चल रहे थे। मुख्य मार्ग पर जगह-जगह भीड़ उमड़ी रही। बारिश से सड़क पर पानी भरने के बाद भी भक्तों की आस्था नहीं डिगी। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।




### दंतेश्वरी मंदिर में नवरात्रि की तैयारी शुरू, टेंपल स्टेट कमेटी की बैठक संपन्न



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 26 सितंबर।** संवाददाता जुगल किशोर डण्डौतिया की रिपोर्ट। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व को लेकर बस्तर की आराध्या देवी मां दंतेश्वरी के शक्तिपीठ मंदिर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। लाखों श्रद्धालुओं, पदयात्रियों एवं पर्यटकों की सुविधा हेतु आज शंखनी सभाकक्ष में टेंपल स्टेट कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह, एसडीएम सहित टेंपल कमेटी के सदस्य, मुख्य पुजारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में यातायात प्रबंधन, अस्थाई दुकानों, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, साफ-सफाई और वाहन पार्किंग को लेकर निर्देश दिए गए। कलेक्टर एवं एसपी ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। जयस्तंभ चौक एवं मुख्य मार्गों पर भीड़ को देखते हुए पार्किंग-1, पार्किंग-2, पार्किंग-3 के रूप में स्पष्ट चिन्हांकन किया गया है।

भंडारा आयोजकों को अपनी सूची व स्थल की जानकारी प्रशासन को देने के निर्देश दिए गए। स्वच्छता हेतु ग्लव्स और डस्टबिन की जिम्मेदारी नगरपालिका को सौंपी गई है। ठहरने हेतु पुरानी-नई धर्मशाला, पुनर्वास बालक छात्रावास, आईटीआई छात्रावास एवं सामुदायिक भवनों का चयन किया गया है, जिसके लिए क्यूआर कोड भी जारी किया गया है। विधायक अटामी ने स्वच्छता पर विशेष निगरानी और प्लास्टिक कचरे के सही निपटान पर जोर दिया। बैठक में टेंट-पंडाल, प्रकाश व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ज्योति कलश प्रज्वलन, दुकानों का आवंटन, सामान्य व विशेष दर्शन तथा मावली परघाव हेतु सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।

### सेवा संकल्प अभियान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपाल सिंह पावर ने किया स्वैच्छिक रक्तदान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 26 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सेवा संकल्प अभियान', सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपाल सिंह पावर ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। रक्तदान के माध्यम से उन्होंने जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन रक्षा के कार्य में अपना योगदान दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवन बचाने वाला महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। स्वस्थ एवं सक्षम लोगों को समाजहित में आगे बढ़कर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य केवल किसी एक अवसर तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि जरूरत के समय समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। स्वैच्छिक रक्तदान इसी सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता की भावना का उदाहरण है।

### भारी बारिश से कई रास्ते बाधित, मकान धराशायी, गणेश विसर्जन जारी

**कोंडागांव , 26 सितंबर ।** जिले में पिछले दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है, इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है, नदी-नाले उफान पर हैं और कई छोटी-बड़ी जलधाराओं में तेज बहाव है। निचले इलाकों और बस्तियों में पानी भर गया है। कई सड़कों पर पानी भरने और पुलों के ऊपर से बहने के कारण आवाजाही बंद हो गई है। लगातार बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन ने 25 सितंबर को जिले के सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित की है। इस दिन होने वाली तिमाही परीक्षाएं भी टाल दी गई हैं। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों और तेज बहाव वाली जगहों से दूर रहने की अपील की है। इसी बीच ग्राम पंचायत सातगांव के नानी पदरपारा में आज शुक्रवार को एक गरीब परिवार का कच्चा मकान अचानक धराशायी हो गया। मकान गिरने से घर के अंदर रखा जरूरी घरेलू सामान मलबे में दब गया। इससे परिवार को काफी नुकसान होने की बात आई है। बारिश और नदी-नालों में तेज बहाव के बावजूद गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। कई जगह लोग प्रतिमाओं को पानी तक ले जाकर विसर्जन करते दिखे। तेज बहाव में पानी में उतरना खतरनाक हो सकता है। प्रशासन ने लोगों से विसर्जन के दौरान सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील की है। बारिश के कारण नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है। गहरे पानी, तेज बहाव और फिसलन वाली जगहों पर हादसे का खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने लोगों से उफनते नदी-नालों में उतरने और उनके आसपास भीड़ लगाने से बचने को कहा है। लगातार बारिश का असर ग्रामीण कनेक्टिविटी पर भी पड़ा है। मर्दापाल से कोंडागांव को जोड़ने वाले मार्ग पर पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। इसके चलते आवाजाही बंद हो गई है।

# तिमेड़ में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश, पौधरोपण के साथ चलाया स्वच्छता अभियान

■ **सेवा संकल्प अभियान के तहत पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने किया पौधारोपण**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर/भोपालपटनम, 26 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत भोपालपटनम मंडल के ग्राम पंचायत तीमेड़ में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और समाजहित में सामूहिक भागीदारी का संदेश दिया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री महेश गागड़ा सहित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने पौधरोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण वर्तमान के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल और सुरक्षा भी जरूरी है।

गांव में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए भी सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाजहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। अभियान के दौरान ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता गतिविधियों में हिस्सा लिया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैया, जिला पंचायत सदस्य कविता कोरम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरिता कूड़ेम, जिला उपाध्यक्ष एवं भोपालपटनम मंडल प्रभारी सतेन्द्र ठाकुर, मंडल अध्यक्ष नरसिंह रेड्डी, मंडल मंत्री वेंकट यालम समेत भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।






### सांसद ने कलेक्टरों से की चर्चा, बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियों के दिए निर्देश

**जगदलपुर, 26 सितंबर।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए बस्तर सांसद महेश कश्यप ने लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बस्तर,बीजापुर,दंतेवाड़ा,नारायणपुर,सुकमा एवं कोंडागांव जिलों के कलेक्टरों से दूरभाष के माध्यम से चर्चा कर बारिश एवं बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। सांसद ने जिले के बाढ़ प्रभावित एवं संभावित प्रभावित क्षेत्रों,जलभराव तथा प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने तत्काल राहत शिविर चिन्हांकित करने, जरूरत पड़ने पर राहत एवं बचाव कार्य के लिए टीमों का गठन करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में प्रशासनिक अमले को अलर्ट रखने के निर्देश दिए।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय को जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा 26 सितंबर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को तिल्दा-नेवरा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और उनके राष्ट्रसेवा के योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण का प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने एकात्म मानववाद और अंत्योदय की अवधारणा के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण को प्राथमिकता देने का विचार प्रस्तुत किया। उनके विचार आज भी सामाजिक एवं राष्ट्रहित के कार्यों के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं।

भाजपा नेता राम पंजवानी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने अपने जीवन को राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित किया। उनका अंत्योदय का विचार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याण पहुंचाने की प्रेरणा देता है। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य करने का संकल्प लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

भाजपा तिल्दा शहर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों में समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान और कल्याण की भावना निहित है। विशेष रूप से महिलाओं और समाज के जरूरतमंद वर्गों के विकास के लिए उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनकी जयंती पर हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन और सामाजिक कार्यों में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं वार्ड पार्सद रानी सौरभ जैन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने भारतीय विचारधारा को मजबूत आधार देने का कार्य किया। उनका जीवन सादगी, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और समाजहित में कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम में सौरभ जैन उपाध्यक्ष भाजपा तिल्दा शहर मण्डल,डॉ. एल.पी. साहू विधायक प्रतिनिधि, गोपाल साहू भाजपा महामंत्री, सुरेश लखवानी एल्डरमैन सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से सौरभ जैन ने की भेंट



**तिल्दा नेवरा 26 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** देवेंद्र नगर कॉलोनी रायपुर में भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव सिंह के निवास पर आत्मीय भेंट-मुलाकात करने तिल्दा नेवरा के भाजपा नेता सौरभ जैन पहुंचे इस दौरान उनसे आत्मीयता से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली और उनके स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की चर्चा की। उनके प्रति अपने स्नेह और शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।उन्होंने कहा की किरण देव जी सदैव स्वस्थ, प्रसन्न एवं ऊर्जावान रहें और इसी तरह निरंतर संगठन एवं जनसेवा के कार्यों में अपना मार्गदर्शन प्रदान करते रहें। इस अवसर पर तिल्दा नेवरा के भाजपा नेता नरेन्द्र शर्मा एवं सुधांशु शर्मा उपस्थित रहे।

### सेवा और समर्पण से ही सशक्त समाज का निर्माण : मुख्यमंत्री

**रायपुर 26 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित अंत्योदय सेवा वंदन पर्व, 'अनकही कहानियां' सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं वीरगाथा सम्मान समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में सेवा, समर्पण, साहस और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रेरक कहानियों को विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच पर जीवंत किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और सेवाभाव पर केंद्रित 'नमो सेवा गाथा' का भी मंचन किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नागरिकों के साथ पुलिस, सेना, अर्धसैनिक बलों, नागरिक सेवाओं तथा सामाजिक क्षेत्र से जुड़े सेवाभावी व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र की सेवा में निष्ठापूर्वक योगदान देने वाले लोगों का सम्मान नई पीढ़ी को भी सेवा और कर्तव्य के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अंत्योदय का भाव हमारी विकास यात्रा का मूल आधार है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पहुंचाना तथा उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ देश आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ में भी इसी भावना के अनुरूप जनकल्याण और विकास के कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा कार्यों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। स्वच्छता, स्वास्थ्य, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्यों में बढ़ती जनभागीदारी इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दे रही है। अंत्योदय सेवा वंदन पर्व में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और देशभक्ति का सुंदर संगम देखने को मिला।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मदकूद्वीप के प्राचीन मंदिरों में की पूजा-अर्चना

**रायपुर, 26 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड स्थित ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक स्थल हरिहर क्षेत्र केदार मदकूद्वीप पहुंचकर प्राचीन रामाश्रय एवं गणेश मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान से छत्तीसगढ़ की निरंतर प्रगति तथा प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर परिसर में आयोजित कन्या पूजन में श्रद्धापूर्वक कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात वे कन्या भोज में शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में कन्याओं को शक्ति का स्वरूप माना गया है। कन्या पूजन हमारी समृद्ध परंपरा में मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती प्राचीन धार्मिक परंपराओं, पुरातात्विक धरोहरों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण है। मदकूद्वीप भी प्रदेश की ऐसी ही महत्वपूर्ण धरोहरों में शामिल है।

# दक्षिण छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में नया अध्याय रावघाट तक पहुंची रेल पटरी : मुख्यमंत्री



**रायपुर, 26 सितंबर।** दक्षिण छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचलों को देश के व्यापक रेल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। दल्लीराजहरा-रावघाट नई रेल लाइन परियोजना के अंतिम 17.5 किलोमीटर लंबे ताड़ोकी-रावघाट खंड का कार्य पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसे दक्षिण छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से बस्तर अंचल की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि रावघाट तक रेल पटरी पहुंचना केवल रेल कनेक्टिविटी का विस्तार नहीं, बल्कि दूरस्थ अंचलों में विकास और आर्थिक गतिविधियों के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में रेल अधोसंरचना के विस्तार को अभूतपूर्व गति मिली है। केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों को भी आधुनिक कनेक्टिविटी से जोड़ने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दल्लीराजहरा से रावघाट तक रेल संपर्क का विस्तार इस अंचल के सामाजिक और आर्थिक जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने वाला सिद्ध होगा। बेहतर रेल कनेक्टिविटी से स्थानीय नागरिकों के लिए आवागमन सुगम होगा और राजधानी रायपुर सहित देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच बेहतर होगी। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार और व्यापार से जुड़े अवसरों तक क्षेत्रवासियों की पहुंच और आसान होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि प्रदेश के दूरस्थ से दूरस्थ क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी का विस्तार विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। बस्तर सहित दक्षिण छत्तीसगढ़ में मजबूत होती कनेक्टिविटी क्षेत्र की संभावनाओं को नई शक्ति दे रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत दल्लीराजहरा-रावघाट नई रेल लाइन परियोजना की कुल लंबाई 95 किलोमीटर है। इसके अंतिम 17.5 किलोमीटर लंबे ताड़ोकी-रावघाट खंड का कार्य पूरा कर लिया गया है। यह सिंगल लाइन विद्युतीकृत ब्रॉड गेज रेल खंड है। नई रेल लाइन को परिचालन के लिए तैयार करने की निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत इस खंड का रेलवे सुरक्षा आयुक्त (छ्त्रऋ) द्वारा निरीक्षण एवं गति परीक्षण किया गया है। इस दौरान रेल लाइन, पुल-पुलियों, विद्युतीकरण, सिग्नलिंग सहित सुरक्षा और तकनीकी व्यवस्थाओं की जांच की गई। वर्तमान में दल्लीराजहरा से ताड़ोकी तक रेल सेवाएं उपलब्ध हैं। ताड़ोकी-रावघाट खंड में रेल परिचालन प्रारंभ होने के बाद आसपास के क्षेत्रों की रेल कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी अपने साथ विकास की अनेक संभावनाएं लेकर आती है। रावघाट तक रेल संपर्क से क्षेत्र में पर्यटन और निवेश की संभावनाओं को बल मिलेगा तथा स्थानीय व्यापार एवं अन्य आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा। दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों को व्यापक रेल नेटवर्क से जोड़ने से लोगों के लिए बाजारों तक पहुंच आसान होगी। साथ ही क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार की नई संभावनाओं के सृजन में भी यह रेल परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर और दक्षिण छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों, पर्यटन, कृषि एवं वनोपज की दृष्टि से अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है। बेहतर कनेक्टिविटी इन संभावनाओं को वास्तविक आर्थिक अवसरों में बदलने का माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दक्षिण छत्तीसगढ़ में शांति, सुरक्षा और विकास के साथ आधारभूत अधोसंरचना का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में कभी आवागमन कठिन था, वहां आज सड़क, रेल और संचार नेटवर्क का विस्तार हो रहा है। सरकार का प्रयास है कि विकास की सुविधाएं अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति तक पहुंचें और उसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा आर्थिक प्रगति के समान अवसर मिलें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रावघाट तक पहुंची रेल पटरी विकास की पटरी पर तेजी से आगे बढ़ते छत्तीसगढ़ की तस्वीर है। यह रेल लाइन दक्षिण छत्तीसगढ़ की दूरियां कम करने के साथ यहां के लोगों को अवसरों के और करीब लाएगी। आने वाले समय में बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से इस पूरे अंचल की आर्थिक और सामाजिक प्रगति को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप राज्य सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

## स्कूल भवन नहीं बनने से पालकों ने जड़ा ताला, आश्वासन के बाद खुला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ 26 सितंबर।** डोंगरगढ़ ब्लॉक के वनांचल ग्राम तोतलभर्री में स्कूल भवन और शिक्षक के मांग ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ,जिला शिक्षा अधिकारी एसडीएम, कलेक्टर और प्रतिनिधियों के गुहार लगाने के बावजूद स्कूल भवन की स्वीकृति नहीं मिलने से नाराज स्कूल के पालक,जनपद सदस्य, सरपंच पंच और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्कूल भवन एवं शिक्षक नहीं होने से नाराज होकर आज दिनांक 25 सितंबर 2026 को स्कूल लगने के समय ताला जड़ दिया है यह बहुत दुर्भाग्य जनक बात है कि 6 महीने से अवगत कराने के बाद एक स्कूल भवन का स्वीकृति नहीं मिल पाया ।एक माह का ग्रामीणों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को अल्टिमेटम दिया गया है। इस दौरान ग्रामीणों में काफी आक्रोश था। अधिकारी की ओर से आश्वासन मिलने के बाद के बाद ताला खोला गया। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन स्थगित कर ग्रामीण जन अपने घर लोटे।जनपद सदस्य, सरपंच, पंचगण, हाईस्कूल प्राचार्य राम प्रसाद पड़ौती को बजट पास होने की जानकारी दी गई । वी बी राम जी मद से अतिरिक्त कक्ष प्रस्ताव को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भेजा गया है।

## पीड़िता के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़ 26 सितंबर।**प्रार्थिया द्वारा थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पर रिपोर्ट दर्ज की गई उसके पति राजेश रजक का दोस्त आरोपी लोकेश साहू, निवासी फरदफोड़, तहसील मारी, थाना देवरी, जिला बालोद, उसके पति की मृत्यु के पूर्व से ही उसके घर आना-जाना करता था। आरोपी के पास प्रार्थिया का मोबाइल नंबर था, जिस कारण दोनों के बीच मोबाइल फोन पर बातचीत होती थी।धमकी से डरकर एवं लोक-लज्जा के कारण प्रार्थिया आरोपी की बात मानने के लिए मजबूर हो गई। आरोपी द्वारा माह अगस्त 2025 में प्रार्थिया को जबरदस्ती डोंगरगढ़ इंडियन लॉज-1 में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया गया ।

आरोपी द्वारा प्रार्थिया को घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी जाती थी तथा बीच-बीच में उसके घर संतोषी नगर लखोली, राजनांदगांव में आकर भी शारीरिक संबंध बनाता था। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 4179/2026, धारा 64(2)(एम), 351(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट के पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुमन जायसवाल के नेतृत्व में प्रकरण की विवेचक उप निरीक्षक गीतांजलि सिन्हा द्वारा आरोपी लोकेश साहू पिता धीराजी साहू, उम्र 26 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 11 फरदफोड़, थाना देवरी, जिला बालोद को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान अपराध घटित करना स्वीकार करने तथा पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी को आज दिनांक 24-09-2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## वंदे मातरम् मां भारती की वंदना और राष्ट्रीय चेतना का स्वर : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 26 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव सायमुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के रोहिणीपुरम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सामूहिक गायन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं, आचार्यों और उपस्थित नागरिकों के साथ 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया। एक स्वर और एक लय में गूंजे 'वंदे मातरम्' से पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सरस्वती शिशु मंदिर के विकास के लिए 50 लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि मां भारती की वंदना, राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति की भावना का सशक्त स्वर है। स्वतंत्रता संग्राम के कठिन दौर में इस गीत ने देशवासियों के भीतर स्वाधीनता की चेतना जगाई और असंख्य क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने की प्रेरणा दी। 'वंदे मातरम' का उद्घोष स्वतंत्रता सेनानियों के लिए राष्ट्रप्रेम, साहस और संकल्प की अभिव्यक्ति बन गया था। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने का यह अवसर हमें अपने गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और उनके त्याग एवं बलिदान को स्मरण करने का अवसर देता है। इसके साथ ही यह नई पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का बोध कराने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज विद्या भारती के आह्वान पर देशभर में 25 हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक विद्यार्थियों और नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में एक साथ मां भारती की वंदना राष्ट्रीय एकता और चेतना का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को 'वंदे मातरम्' के गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन में उसकी भूमिका से परिचित कराने के साथ उनके भीतर राष्ट्रप्रेम एवं कर्तव्यबोध की भावना को और मजबूत करते हैं।

## राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से की भेंट

**रायपुर, 26 सितंबर।** छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य और राजभाषा के विकास को समर्पित दो दिवसीय प्रांतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन 26 एवं 27 सितंबर को जिला बेमेतरा में किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेशभर के साहित्यकारों, विद्वानों, भाषा विशेषज्ञों और राजभाषा से जुड़े प्रतिनिधियों की सहभागिता होगी। सम्मेलन के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा के संरक्षण, संवर्धन और व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ प्रदेश की समृद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त श्री प्रभात मिश्रा ने आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को बेमेतरा में आयोजित होने वाले प्रांतीय राजभाषा सम्मेलन में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया। इस दौरान श्री मिश्रा ने सम्मेलन के उद्देश्यों, आयोजन की तैयारियों और कार्यक्रम की रूपरेखा से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रांतीय राजभाषा सम्मेलन के आयोजन के लिए श्री प्रभात मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सम्मेलन की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए आयोजन के सफल एवं गरिमामय आयोजन की कामना की।

बेमेतरा में आयोजित होने वाला यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य से जुड़े रचनाकारों, साहित्यकारों तथा विद्वानों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन, साहित्य के विकास, राजभाषा के प्रभावी उपयोग तथा नई पीढ़ी में छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने जैसे विषयों पर संवाद और विचार-विमर्श होगा। साथ ही प्रदेश की लोक परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण से जुड़े विषयों पर भी विचार साझा किए जाएंगे।

छत्तीसगढ़ी भाषा प्रदेश की लोक संस्कृति, परंपराओं, लोकगीतों, लोककथाओं और जनजीवन की अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य को नई पीढ़ी से जोड़ने तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार को गति देने का अवसर मिलता है। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ की माटी, भाषा और संस्कृति की विशिष्ट पहचान को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

दो दिवसीय प्रांतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से साहित्यकार, लेखक, कवि, विद्वान, भाषा प्रेमी और राजभाषा से जुड़े प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे रचनाकारों और संस्थाओं के बीच संवाद एवं समन्वय को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा आयोजित यह सम्मेलन भाषा और साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय लोगों के लिए विचारों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। सम्मेलन के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े प्रयासों को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है।

## लगातार बारिश से सिमगा में बाढ़ के हालात, शिवनाथ नदी का पानी पुल के ऊपर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 26 सितंबर।** आज गंगरेल बांध के 14 गेट खुल जाने से महा नदी व शिव नाथ नदी उफान में है लगातार तीन दिनों से पानी गिरने के कारण नदी नालो में व छोटे बड़े नगर व शहर में जल भराओ से बाढ़ आ गया शासन से सिमगा के शिव नाथ नदी के ऊपर बने पुराने पुल पे जो कि सिमगा से बेमेतरा के मध्य स्थित है सिमगा और बेमेतरा को जोड़ता है वो शिव नाथ नदी के उफान से बाढ़ में पुल से लगभग( 3 ) तीन फिट ऊपर चल रहा है शासन ने बेरी कैट लगाकर व नजर रखी है जिससे जन हानि न हो पाये आज गणेश विसर्जन पर पूरी निगरानी में विसर्जन कि तयारी है

*** बाढ़ पीड़ितों के स्वास्थ्य की सुरक्षा में जुटा प्रशासनः जगदलपुर, 26 सितंबर ।** बस्तर क्षेत्र में भारी बारिश के चलते उत्पन्न बाढ़ की स्थिति के बीच स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार मुस्तैद होकर पीड़ितों की सेवा में लगा हुआ है। बाढ़ प्रभावित नागरिकों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मैत्री सहित शहरी स्वास्थ्य विभाग की टीम और स्थानीय मितानिनों ने जगदलपुर शहर के विभिन्न राहत शिविरों का सघन दौरा किया। स्वास्थ्य दल ने भगत सिंह वार्ड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भैरमगंज हायर सेकेंडरी स्कूल, पंचपथ तथा प्रवीरचंद्र वार्ड के पनारापारा हायर सेकेंडरी स्कूल में बने शिविरों में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।


**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT, DURG CIRCLE DURG (C.G.)**

Durg, Dated: 24.09.2026

**e-Procurement Tender Amendment Notice**

Amendment are made in N.I.T. No. 294, 295, 296, 297, 298, 299, 300, 301, 302,303,304, and 305 Dated 01.09.2026

| Existing Description | To be Extended |
|---|---|
| Bid Submission due Date (Online) 21-09-2026 17.30 | Bid Submission due Date (Online) 29-09-2026 17.30 |
| End Date for Physical Doc submission (EMD, and Affidavit in Envelope D) (by Registered/Speed Post) 23-09-2026 17.30 | End Date for Physical Doc submission (EMD, and Affidavit in Envelope D) (by Registered/ Speed Post) 01-10-2026 |
| Bid Opening Date (Scheduled) 24-09-2026 11.30 | Bid Opening Date (Scheduled) 05-10-2026 11.30 |

Note :-
1- General Conditions, detailed NIT, Tender documents & other information of the above construction work downloaded from the Eprocurement web portal or departmental website http://eproc.cgstate.gov.in.
2- NIT No. & Name of the Work should be essentially mentioned on the envelope through the Registerd Post/Speed Post in this office.

G-262703525/9

**Superintending Engineer**
**P.W.D., Durg Circle Durg (C.G.)**



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

//ई-प्राक्यूरमेंट निविदा सूचना//

क्र./प्र.म.आ.यो/न.नि./2026/503/232 | भिलाई, दिनांक 23/9/26

प्रधानमंत्री आवास योजना द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई टेंडर आमंत्रित की गई है। जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in. पर देखा जा सकता है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेडर न. | अनुमानित निविदा लागत (लाख में) | अमानत राशि | ई-टेंडर आमंत्रण दिनांक Bid Due Date | Physical Submission Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गरीबी की सेवा निधि अंतर्गत कोहका वार्ड-07 स्थित अविनाश, मेट्रोपोलिस के पास प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन 58 यूनिट आवास तक पहुंच मार्ग, नाली निर्माण कार्य। | 199594 | 15.82 | 14500.00 | 17.09.2026 से 09.10.2026 तक | 13.10.2026 |
| 02 | गरीबी की सेवा निधि अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ए.एच.पी.) परियोजना आमग्रपाली फेज-01 एवं 02 की बैकलाईन में ड्रेनेज लाईन हेतु नाली एवं सी.सी. निर्माण कार्य। | 199786 | 19.15 | 17000.00 | 21.09.2026 से 13.10.2026 तक | 15.10.2026 |
| 03 | गरीबी की सेवा निधि अंतर्गत आम्रपाली फेज-02 हाउसिंग बोर्ड वार्ड-25 के पास प्रधानमंत्री आवास योजना अतर्गत निर्माणाधीन 56 यूनिट आवास तक पहुंच मार्ग, नाली निर्माण कार्य। | 199788 | 23.97 | 22000.00 | 21.09.2026 से 13.10.2026 तक | 15.10.2026 |
| 04 | प्रधानमंत्री आवास योजना 322 यूनिट में ओवरहेड टैंक से संपवेल तक जलप्रदाय हेतु विस्तारीकरण कार्य। | 199946 | 22.81 | 18000.00 | 22.09.2026 से 14.10.2026 तक | 16.10.2026 |
| 05 | ESTIMATE FOR PROVIDING ELECTRIFICATION TO STREET LIGHT UNDER PMAY PROJECTS, DISTT-DURG | 199923 | 19.78 | 18000.00 | 22.09.2026 से 14.10.2026 तक | 16.10.2026 |

नोट- 1 धरोहर राशि/डी.डी./शपथ पत्र offline जमा करने की अंतिम तिथि तक शाम 5.30 बजे तक कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई के पक्ष में निक्षेप होगा। 2. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई प्राक्यूरमेंट वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में उपयुक्त श्रेणी में सम्मिलित होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिये वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन अभियंता, (प्र.ग.आ.यो.)

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में अब दो ही दिन रहेंगे भगत

**रायपुर, 26 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत के छत्तीसगढ़ दौरे के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। पहले उनका दौरा तीन दिवसीय प्रस्तावित था, लेकिन अब वे दो दिवसीय दौरे पर 27 और 28 सितंबर को रायपुर में रहेंगे। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संगठनात्मक बैठकों के साथ राजनीतिक मामलों की समिति, विधायकों और फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें होंगी। इसके अलावा सुखदेव भगत प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगे और कांग्रेस के मार्च कार्यक्रम में शामिल होंगे।



सुखदेव भगत 27 सितंबर को दोपहर 2:25 बजे रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 3:30 बजे प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचेंगे। शाम 5:30 बजे राजीव भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इसके बाद शाम 6:30 बजे कांग्रेस पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक लेंगे। रात 8 बजे कांग्रेस विधायकों के साथ डिनर का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

**28 सितंबर को बैठकों का सिलसिला:** दौरे के दूसरे दिन 28 सितंबर को सुबह 10 बजे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों की बैठक होगी। इसके बाद सुबह 11:30 बजे कनेक्ट सेंटर की बैठक लेंगे।दोपहर 2 बजे कांग्रेस के मार्च कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 4 बजे फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक आयोजित होगी। सुखदेव भगत रात 7 बजे रायपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। दो दिवसीय दौरे के दौरान होने वाली इन बैठकों को संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

### 4 अक्टूबर को सजेगा रोलबॉल यूथ कान्क्लेव

**रायपुर, 26 सितम्बर।** रायपुर में 4 अक्टूबर को रोलबॉल का तीसरा यूथ कॉन्क्लेव का मंच सजने वाला है. जहां पांचवे ROLBOL Talks का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम में सिनेमा, पत्रकारिता, उद्योग और डिजिटल जगत की हस्तियां शामिल होंगी. जेल रोड स्थित मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में 4 अक्टूबर को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक ROLBOL Youth Conclave 2026 का आयोजन होगा. इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को नई सोच, नेतृत्व और सकारात्मक जीवन परिवर्तन से जोड़ना है. यूथ कॉनक्लेव में पांचवा ROLBOL Talks काफी खास होने वाला है. इस वर्ष केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान, 'मैरी कॉम' और 'द कश्मीर फाइल्स' फेम बॉलीवुड अभिनेता दर्शन कुमार, अंतरराष्ट्रीय एवं सामरिक मामलों के वरिष्ठ पत्रकार आदित्य राज कौल और निलॉन्स के प्रबंध निदेशक दीपक सांघवी युवाओं से संवाद करेंगे. विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाली ये हस्तियां अपने जीवन के अनुभव, संघर्ष और सफलता की यात्रा साझा करेंगी।

### जूडो एसोसिएशन की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**रायपुर, 26 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन 17 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार हड़ताल पर है। डॉक्टरों की हड़ताल के कारण अस्पतालों में मरीजों के इलाज और स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ने की बात सामने आ रही है। गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए सरकारी अस्पताल ही इलाज का सबसे बड़ा सहारा हैं। ऐसे में लंबे समय से चल रही हड़ताल के बीच मरीजों और उनके परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि जब स्वास्थ्य व्यवस्था सीधे जनता से जुड़ी है, तो सरकार जूडो की मांगों का समाधान निकालने के लिए गंभीर पहल क्यों नहीं कर रही? भाजपा सरकार को चाहिए कि डॉक्टरों की मांगों पर तत्काल बातचीत करे, गतिरोध खत्म करे और गरीब जनता के इलाज को प्रभावित होने से बचाए। जनता पूछ रही है–स्वास्थ्य व्यवस्था कब पटरी पर आएगी? डॉक्टरों की मांगों का समाधान कब होगा? और मरीजों को राहत कब मिलेगी?

### कोंडापुरकर की पार्थिव काया रिम्स को दान



**रायपुर, 26 सितम्बर।** सेंट्रल बैंक के सेवानिवृत्त सुधारकर कोंडापुरकर का 95 वर्ष्ष की आयु में देहवसान हो गया। राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त डॉ. प्रियंका बिस्सा ने उन्हें याद करते हुए बताया कि कोंडापुरकर अनाथ बच्चों के लिए समर्पित मातृछाया के संस्थापक सदस्य थे। होम्योपैथिक मेडिकल कालेज के संचालक के रूप में अपने अंतिम कार्य दिवस में कई निर्णय पर हस्ताक्षर किए। वे महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष भी रहे। उनकी पार्थिव काया को रिम्स कालेज को दान किया गया है।

# छग की पहली महिला खुली जेल शुरू

## 25 बंदिनियों को मिलेगा रोजगार का अवसर

**रायपुर, 26 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में महिला बंदिनियों के पुनर्वास और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक नई पहल की गई है। केंद्रीय जेल रायपुर में प्रदेश की पहली महिला खुली जेल का शुभारंभ डीजी जेल हिमांशु गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्री, महिला ओपन जेल प्रभारी खुशबू मिश्रा सहित जेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**जेल की चारदीवारी से बाहर रोजगार का अवसर :** प्रदेश में पहली बार शुरू की गई इस महिला खुली जेल में 25 महिला बंदिनियों को रखा जाएगा। खास बात यह होगी कि इन बंदिनियों को दिन के समय रोजगार और विभिन्न कार्यों के लिए जेल परिसर से बाहर जाने का अवसर मिलेगा। वे सुबह निर्धारित कार्यों के लिए बाहर निकलेंगी और शाम को लॉकअप से पहले वापस जेल लौटेंगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य महिला बंदिनियों को केवल कारावास तक सीमित रखने के बजाय उन्हें कौशल विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ना है, ताकि वे रिहाई के बाद सामान्य जीवन में बेहतर तरीके से पुनर्वासित हो सकें। इसके अलावा महिला बंदिनियों के लिए रोजगार के अन्य वैकल्पिक साधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार काम कर सकें।




### सिलाई सेंटर से लेकर ब्यूटी पार्लर तक रोजगार


केंद्रीय जेल रायपुर में उपलब्ध अधोसंरचना का उपयोग करते हुए महिला ओपन जेल की व्यवस्था तैयार की गई है। जेल की ऊंची दीवारों के बाहर मंदिर के पास स्थित परिसर में महिला बंदिनियों के लिए सिलाई सेंटर, ब्यूटी पार्लर और जेल उत्पादों की बिक्री केंद्र में रोजगार की व्यवस्था की गई है।

### पुनर्वास की दिशा में अहम कदम

महिला खुली जेल की यह व्यवस्था बंदिनियों को जिम्मेदारी के साथ काम करने, आर्थिक रूप से सक्षम बनने और समाज के साथ दोबारा जुड़ने का अवसर प्रदान करेगी। जेल विभाग की यह पहल सजा के साथ सुधार और पुनर्वास की अवधारणा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। महिला बंदिनियों को नियंत्रित और निर्धारित व्यवस्था के तहत काम करने का अवसर देकर उनके भीतर आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता विकसित करने पर जोर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में शुरू हुई यह पहली महिला ओपन जेल आने वाले समय में महिला बंदिनियों के पुनर्वास के लिए एक नई व्यवस्था का आधार बन सकती है।

# अपराध रोक नहीं पा रही सरकार नये प्रयोग में जुटी : कांग्रेस

**रायपुर, 26 सितम्बर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को एनएसए के तहत कार्यवाही का अधिकार दिया जाना इस बात का प्रमाण है कि सरकार भी मान रही है कि राज्य की कानून व्यवस्था बेलगाम हो चुकी है। सरकार को समझ नहीं आ रहा कि कानून व्यवस्था सुधारने के लिए क्या उपाय किया जाये? वह रोज नये प्रयोग कर रही है लेकिन उसके सभी प्रयोग असफल साबित हो रहे है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इसके पहले राजधानी की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था को सुधारने के नाम पर कमिश्नरी प्रणाली लागू किया गया लेकिन रायपुर की कमिश्नरी प्रणाली फेल हो गयी तथा अपराध रूकने के बजाय बढ़ गये। अंतर्राष्ट्रीय गैंगस्टर राजधानी के व्यापारियों से फिरौती मांग रहे। रोज लूट, हत्या, बलात्कार की घटनाएं बढ़ गयी, चाकूबाजी, नशाखोरी से आम आदमी परेशान है। पुलिस अपराध नहीं रोक पा रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था के बिगड़ने के जिम्मेदार गृहमंत्री है। सरकार गृहमंत्री को बदलने के बजाय रोज नये प्रयोग कर रही है। जब ढाई साल से गृह मंत्री कानून व्यवस्था नहीं सभाल पा रहे, उनके गृहमंत्री बनने के बाद अपराध बढ़ गये है तो ऐसे में अक्षम गृह मंत्री को बदल क्यों नहीं दिया जा रहा है? मुख्यमंत्री, गृह विभाग की समीक्षा की हिम्मत दिखाये।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रायपुर कमिश्नरेट सहित प्रदेश में कोई भी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। किसकी, कब, कहां हत्या हो जाये, कहा नहीं जा सकता है। बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था के कारण रायपुर शहर तो आदमियों की कत्लगाह बन चुका है। रायपुर में आदमी गाजर-मूली की तरह काटे जा रहे है, न सरकार को कोई चिंता है और न ही पुलिस को, पुलिस केवल अपराध के आंकड़ो को झुठलाने और गृहमंत्री कोरी बयान बाजी में लगे है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में हर दिन 6 हत्या, 8 बलात्कार की घटना हो रही है। सक्ती में एक युवती को उसके घर में घुसकर गोली मार दी गयी। इसके पहले कोरिया के सोनहत में चार व्यक्तियों को जिंदा जला दिया गया। जैजैपुर में दो भाइयों को घर में घुसकर गोली मार दिया गया। पेण्ड्रा के कोटमी बाजार में सर्राफा कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रदेश में कोई जिला नहीं जहां पर रोज हत्या, लूट, बलात्कार, चाकूबाजी की घटना नहीं हो रही है। यह घटनाएं डरावनी है, सरकार को समझ भी नहीं आ रहा है क्या करे? कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होते जा रही है।

### प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग बीमार : दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार का स्वास्थ्य विभाग बीमार हो गया है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में लोगों का इलाज है ही नहीं, भाजपा सरकार के लिये स्वास्थ्य विभाग केवल भ्रष्टाचार करने का अड्डा मात्र बना हुआ है। प्रदेश के वर्तमान 10 मेडिकल कालेजो में 2660 स्वीकृत पदो में से 1290 पद लगभग आधे खाली पड़े है। ऐसे में मरीजो का कैसे ईलाज होगा। जिला अस्पताल तो सुविधाओ के आभाव में दम तोड़ रहे। स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्रो में 65 प्रतिशत स्थानों तथा जिला अस्पतालो में 60 प्रतिशत पद खाली पड़े है। राज्य के सरकारी अस्पतालो में ईलाज कम भ्रष्टाचार अधिक होता है। प्रदेश के अधिकांश सरकारी अस्पतालो मेडिकल कालेजो में नकली दवाये उपयोग की शिकायते सामने आ चुकी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि स्वास्थ्य बजट का सही क्रियान्वयन न होने, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफकी कमी, समय पर दवाओं की आपूर्ति न होने और मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के बजट में कटौती के चलते ही स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। शहरी और मैदानी इलाकों में स्वाइन फ्लू (भ्1छ1) ने भयावह रूप ले लिया है। अस्पतालों में वेंटिलेटर, आइसोलेशन वार्ड और जरूरी दवाओं का भारी अभाव है। विभागीय मंत्री विज्ञापनबाजी और कागजी बैठकों तक ही सीमित है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बेहद शर्मनाक है कि राज्य के लोगो की बड़ी उम्मीद मेकाहारा रायपुर तथा डीकेएस अस्पताल भी अव्यवस्था और सरकार की लापरवाही का शिकार है। मेकाहारा में करोड़ो की मशीने स्टालेशन के आभाव में तथा योग्य चिकित्सको होने के बाद मेकाहारा में सुविधाये नहीं होने के कारण लोगो के ईलाज में देरी होती है। सरकार कभी दवाई नहीं उपलब्ध करवा पाती तो कभी एक्सरे फिल्म, तो कभी पैथालाजी के सामन। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है।



# भारतीय महिला कबड्डी टीम की खिलाड़ी से सीएम ने की बात

**रायपुर, 26 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जापान में आयोजित एशियन गेम्स 2026 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला कबड्डी टीम की सदस्य एवं छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की निवासी सुश्री संजू देवी को फोन कर इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सुश्री संजू देवी से आत्मीय संवाद करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि उनकी इस उपलब्धि से पूरा छत्तीसगढ़ गौरवान्वित है।



मुख्यमंत्री साय ने सुश्री संजू देवी से कहा कि आपने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और शानदार प्रदर्शन से न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। एशियन गेम्स जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय महिला कबड्डी टीम की स्वर्णिम सफलता प्रत्येक देशवासी के लिए गर्व का क्षण है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में छत्तीसगढ़ की बेटी की महत्वपूर्ण भागीदारी प्रदेश के लिए विशेष गौरव की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटियां आज शिक्षा, खेल सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और सामर्थ्य का परचम लहरा रही हैं। कोरबा की संजू देवी ने अपनी मेहनत और खेल कौशल के बल पर राष्ट्रीय टीम में स्थान बनाया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश का मान बढ़ाया है। उनकी सफलता प्रदेश के उन हजारों युवा खिलाड़ियों, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने का सपना देख रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर, प्रशिक्षण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

### जामुन की फसल होने से बारिश कम होने की बात अंधविश्वास : मिश्र

**रायपुर, 26 सितम्बर।** अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा जामुन की बंपर फसल और कम बारिश या सूखे के बीच कोई वैज्ञानिक संबंध नहीं है। पिछले दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले अनेक दावे केवल एक लोक मान्यता हैं। जिसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है. डॉ . मिश्र ने कहा सोचने की बात है कि क्या सचमुच जामुन का पेड़ आने वाले मौसम की भविष्यवाणी कर सकता है? क्या किसी साल पेड़ पर ज्यादा फल लगना या जमीन पर बड़ी मात्रा में जामुन गिरना इस बात का वैज्ञानिक प्रमाण है कि बारिश कम होगी या सूखा पड़ेगा। जबकि सच्चाई यह है कि यह सिर्फ लोक विश्वास है: ग्रामीण इलाकों में पुराने समय से यह माना जाता रहा है कि अगर किसी साल जामुन ज्यादा आते हैं, तो उस साल सूखा पड़ सकता है। यह मानव मनोविज्ञान ही है लोग उस साल को हमेशा याद रखते हैं जब जामुन ज्यादा हुआ और बारिश कम हुई, लेकिन वे उन सालों को भूल जाते हैं जब जामुन ज्यादा होने के बाद भी अच्छी बारिश हुई थी। इसे 'पुष्टिकरण पूर्वाग्रह' कहा जाता है।



## सीआईआई 28 से रायपुर में करेगा एमएसएमई कॉन्क्लेव



**रायपुर, 26 सितम्बर।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), छत्तीसगढ़ द्वारा 28 और 29 सितंबर को होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट, रायपुर में एमएसएमई कॉन्क्लेव के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। सीआईआई छत्तीसगढ़ एमएसएमई पैनल द्वारा आयोजित इस कॉन्क्लेव की थीम नवाचार और सतत औद्योगिक विकास के माध्यम से एमएसएमई का सशक्तिकरण है, जिसमें प्रदेशभर से नीति निर्माता, वरिष्ठ शासकीय अधिकारी, बैंकर, औद्योगिक संगठन, तकनीकी विशेषज्ञ और उद्यमी शामिल होंगे। 28 सितंबर को होने वाले उद्घाटन सत्र को छत्तीसगढ़ केइ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, छत्तीसगढ़ शासन के माननीय उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन तथा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल संबोधित करेंगे। इस अवसर पर सीएसआईडीसी द्वारा प्रदेश में रैम्प (रेज़िंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) कार्यक्रम पर प्रस्तुति भी दी जाएगी।

कॉन्क्लेव से पूर्व, सीआईआई छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के अध्यक्ष बजरंग गोयल ने कहा, छत्तीसगढ़ को 8.23 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। हर बड़ी परियोजना को सैकड़ों स्थानीय सप्लायर्स की ज़रूरत होती है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छत्तीसगढ़ के एमएसएमई ये ऑर्डर पाने के लिए तैयार रहें। यह कॉन्क्लेव वित्त, तकनीक और व्यापार में सुगमता पर केंद्रित है। 28 सितंबर को कॉन्क्लेव के पहले दिन एमएसएमई वित्तपोषण, व्यापार में सुगमता, छोटे उद्योगों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और एसएमई से बड़ी कंपनी तक के सफर पर सीईओ राउंडटेबल सहित चार सत्र होंगे, जिनमें वरिष्ठ शासकीय अधिकारी, औद्योगिक संगठनों के अध्यक्ष और उद्यमी वक्ता होंगे।

## रेल महाप्रबंधक ने लखौली-रायपुर रेलखंड का किया निरीक्षण

**रायपुर, 26 सितम्बर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने आज दिनांक 25 सितम्बर 2026 को रायपुर मंडल के लखौली -रायपुर रेलखंड का संरक्षा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेल संरक्षा, परिचालन, कार्य प्रणाली, स्टेशन पुनर्विकास, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों तथा यात्री सुविधाओं की समग्र समीक्षा की। इस अवसर पर बिलासपुर मुख्यालय के प्रधान विभागाध्यक्ष एवं मुख्य अधिकारीगण, मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद सहित रायपुर मंडल के वरिष्ठ शाखाधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। संरक्षा निरीक्षण की शुरुआत लखौली स्टेशन से हुई। महाप्रबंधक ने स्टेशन एवं यार्ड, रेल लाइन, रिले रूम, आई.पी.एस. रूम, बैटरी रूम, कर्व, अनुरक्षक डेटा लॉगर कक्ष, फुट ओवर ब्रिज तथा कोल्हान नदी पर निर्मित रेल पुल का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संरक्षा व्यवस्था एवं अनुरक्षण कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात नवा रायपुर स्टेशन पर ट्रेन परिचालन से संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। महाप्रबंधक ने अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों से उनके संरक्षा संबंधी दायित्वों एवं कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की। इसी क्रम में मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन पर कॉलोनी, लेवल क्रॉसिंग तथा इंजीनियरिंग गेट का निरीक्षण किया गया। यहां अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किए जा रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का गहन निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया गया।



## युवा कैट के विशाल स्वास्थ्य शिविर में व्यापारियों ने कराई जांच

**रायपुर, 26 सितम्बर।** कैट के युवा प्रदेश अध्यक्ष कांति पटेल, युवा प्रदेश महामंत्री रतनदीप सिंह एवं युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष भरत भूषण गुप्ता ने बताया कि ने संयुक्त रूप से बताया कि युवा कैट का मेगा हेल्थ कैम्प कैट कार्यालय, हीरा आर्केड, पंडरी के सामने, रायपुर में आयोजित किया गया। कैम्प में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। एवं सिटी ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के तहत विशाल स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न हुआ। युवा कैट एवं मेडिश्योर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।




# सड़कों, पुलों और भवनों के काम को मिलेगी रफ्तार

**रायपुर. 26 सितम्बर।** लोक निर्माण विभाग बरसात के बाद सडकों, पुल-पुलियों और भवनों के निर्माण को रफ्तार देने की तैयारी में है। लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने आज वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों और सभी परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं एवं कार्यपालन अभियंताओं की बैठक लेकर फील्ड में कार्यों को गति देने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने ठेकेदारों के साथ भी बैठक कर निर्माण सामग्री, मशीनरी और मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने नवा रायपुर स्थित निर्माण भवन में आयोजित बैठक में अक्टूबर से निर्माणाधीन कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने और अप्रारंभ कामों को शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यस्थलों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण कर ठेकेदारों को बाधामुक्त कार्यस्थल उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने ठेकेदारों से नियमित संवाद और अच्छा समन्वय रखते हुए टाइमलाइन के अनुसार कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा।



» **लोक निर्माण विभाग के सचिव ने कार्यों की समीक्षा**

श्री बंसल ने सभी कार्यपालन अभियंताओं को हर दो महीने में अनुविभागीय अधिकारियों, सहायक अभियंताओं, उप अभियंताओं और ठेकेदारों के साथ बैठक कर प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के सिविल और विद्युत-यांत्रिकी शाखा के अभियंताओं को आपसी तालमेल से काम करने को कहा। दोनों शाखाओं के बीच समन्वय की कमी से कार्यों की प्रगति प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने एनआईटी तैयार करते समय कार्य पूरा करने की अवधि को व्यावहारिक रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे कार्यों का मूल्यांकन कर हर महीने भुगतान करने को कहा। लोक निर्माण विभाग के सचिव बंसल ने ठेकेदारों के साथ भी बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने और विभिन्न प्रक्रियाओं में लगने वाले समय को कम करने विभागीय दिशा-निर्देशों, भुगतान प्रक्रिया, समय-सीमा निर्धारण और ठेकेदारों से जुड़े नीतिगत विषयों पर सुझाव भी मांगे।

## नरेन्द्र चौहान को मातृशोक

### मदन चौहान की भाभी थीं

**रायपुर, 27 सितम्बर।** पुराना दुर्गा मंदिर चौक, राजातालाब निवासी सूफी गायक पद्मश्री मदन चौहान की भाभी तथा तरुण छत्तीसगढ़ के महाप्रबंधक नरेन्द्र चौहान की माता जी उर्मिला चौहान पति स्वर्गीय नारायण सिंह चौहान (78) वर्ष का आज निधन हो गया। वे महेन्द्र, गुलाब चौहान की मां, कुंदन चौहान की बड़ी मां तथा ऋषभ व जयंत की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार 27 सितम्बर को सुबह 10 बजे शंकर नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26